राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 शर्म से झुकी निगाहें, हारा हुआ कप्तान...

ईडी ने महुआ मोइत्रा पर दर्ज किया मनी... 12

वर्ष : 14 | अंक : 320 | नई दिल्ली, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 30°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,440
चांदी 79,800
सेंसेक्स 73,876
निफ्टी 22,434

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस का यह चुनावी अभियान पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य इस कार्ड को आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, ह्यकिसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों को नहीं मिली, लेकिन कांग्रेस जो गारंटी दे रही है,



उन पर वह अमल करेगी। खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया। खड़गे ने कहा कि गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या-क्या काम करेंगे। हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है।

किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्जमाफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया गया है। श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं और यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे श्री सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा ह्लअब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं। लोकसभा चुनाव में वह ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस बारे में सब कुछ बता दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह देश, बिहार और पार्टी के प्रति समर्पित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूर्व उपमुख्यमंत्री गले के कैंसर से पीड़ित हैं तथा दिल्ली एम्स में उनका ईलाज चल रहा है।

### संजय सिंह को अस्पताल से छुट्टी मिली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को बुधवार को आईएलबीएस (यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान) अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी थी। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि अगर सिंह को मामले में जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा, सिंह को यकृत से संबंधित समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 24 घंटे तक अस्पताल में रहे। जेल के एक अधिकारी ने कहा, सिंह नियमित जांच के लिए आईएलबीएस गए थे, लेकिन उन्हें भर्ती कर लिया गया। जब उन्हें उनकी जमानत की खबर मिली, उस समय वह अस्पताल में थे।

### प्राकृतिक आपदा राहत सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

नई दिल्ली। तमिलनाडु सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से राज्य में हुए भारी नुकसान के मद की 37,000 करोड़ रुपए से अधिक की राहत सहायता राशि कई बार अनुरोध के बावजूद नहीं देने का केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अंतरिम उपाय के तौर पर 2000 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की गुहार लगायी। राज्य सरकार ने राहत सहायता जारी नहीं करने को प्रभावित लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन करार देते हुए सहायता के लिए संविधान के अनुच्छेद के 131 के तहत याचिका दायर की है। वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन और अन्य के माध्यम से दायर याचिका में दिसंबर 2023 के चक्रवात 'मिचौंग' के कारण हुई तबाही के मद में 19,692.69 करोड़ रुपए, जबकि तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में अभूतपूर्व और अत्यधिक वर्षा के कारण हुए नुकसान के लिए वित्तीय सहायता के तौर पर 18,214.52 करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले इसी प्रकार की याचिका कर्नाटक सरकार ने दायर की थी। कर्नाटक सरकार ने गंभीर मानवीय संकट और गंभीर प्रकृति की आपदा के मद्देनजर सूखा राहत के लिए 35,162 करोड़ रुपये जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण हर चुनाव में बन रहे नए रिकॉर्ड : प्रधानमंत्री

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रणनीति बनाने और बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकताओं से सलाह लें। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के कारण लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि कार्यकताओं का ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गांरटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।

प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से उप्र का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य के साथ उत्तर प्रदेश के निवासियों के भावनात्मक जुड़ाव पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं से चुनाव अभियान के दौरान संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ आचरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं से मतदाताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं से अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया।



## मुक्केबाज विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल, कांग्रेस को फिर झटका

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फिर बड़ा झटका लगा है। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुक्केबाज सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं। विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है।

## परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे : पीएम मोदी

लखनऊ/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से यूपी का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को नमो एप के जरिए यूपी के भाजपा कार्यकताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जो हमारे यूपी के भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं, उसे राजनीति के बड़े-बड़े दिग्गज भांप भी नहीं पाते हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आपका ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें। आप सभी (भाजपा कार्यकर्ता) वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं, तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। उन्होंने कहा कि आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं, तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गांरटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। यूपी के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचे।

उन्होंने कहा कि गर्मी बहुत है, मैं कार्यकताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। जब ऐसी गर्मी में काम करते हैं, तो पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत करना उतना ही सुविधाजनक होगा। जहां भी जा रहे होंगे, जनता से विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

# राहुल ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन पत्र, प्रियंका भी रहीं मौजूद



प्रात : किरण/एजेंसी

वायनाड। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान श्री गांधी के साथ उनकी बहन एवं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले श्री गांधी ने वायनाड के कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो भी किया। रोड शो में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। यूडीएफ के सैकड़ों कार्यकर्ता रोड शो के लिये कतार में खड़े थे। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के लोग श्री गांधी की तस्वीर के साथ पार्टी के झंडे, तख्तियां और पार्टी के रंग वाले गुब्बारे लेकर उनका स्वागत करने के लिये सड़कों के किनारे एकत्र हुये। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि वह वायनाड के मुद्दों को देश और दुनिया के सामने लाने के लिये हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र और केरल में कांग्रेस की सरकार बनी, तो राज्य की सारी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। गौरतलब है कि यहां पर मुख्य मुकाबला श्री गांधी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) उम्मीदवार एनी राजा तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के बीच है। श्री गांधी ने रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि वायनाड उनका घर है। यहां के लोग उनके परिवार के सदस्य की तरह हैं। समृद्ध इतिहास एवं खूबसूरत परंपराओं वाली यह भूमि उन्हें प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, मैं वायनाड के लोगों के अटूट समर्थन के लिये बहुत आभारी हूं। हम न्याय के एक नये युग में कदम रख रहे हैं, ऐसे में मैं अपनी सर्वाधिक क्षमताओं से आप में से प्रत्येक की सेवा करने के लिये अपने समर्पण की पुष्टि करना चाहता हूं। उल्लेखनीय है श्री गांधी ने वर्ष 2019 में वायनाड संसदीय क्षेत्र से चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें कुल 10,92,197 मतों में से 7,06,367 मत मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी पी सुनीर ने 2,74,597 वोट हासिल किये थे। केरल में लोकसभा चुनाव के लिये मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# चुनाव आयोग ने बुलाई प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के दौरान देश भर में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए बुधवार को राजधानी में राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र की पुलिस तथा अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक बुलाई है। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों की रोकथाम, चुनाव को प्रभावित करने के लिए बांटे जाने वाली किसी भी प्रकार की वस्तुओं और धन आदि की जब्ती की कार्रवाई की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। आयोग के अधिकारी ने कहा, कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा, अवैध गतिविधियों, मतदाताओं को




प्रभावित करने में इस्तेमाल किए जाने वाले धन एवं सामान की जब्ती तथा अंतर-राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था के लिए आयोग आज दोपहर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की एक बैठक करेगा।

### आईआईटी जैसे संस्थानों पर भी बेरोजगारी का संकट : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार पर फिर हमला किया और कहा कि मोदी सरकार की रोजगार को लेकर कोई नीति नहीं है इसलिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रमुख संस्थान भी बेरोजगारी की चपेट में आ गए हैं। श्री गांधी ने ट्वीट कर कहा, बेरोजगारी की बीमारी की चपेट में अब आईआईटी जैसे शीर्ष संस्थान भी आ गए हैं। आईआईटी मुंबई में पिछले वर्ष 32 प्रतिशत और इस वर्ष 36 प्रतिशत स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट नहीं हो सका। उन्होंने कहा देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान का ये हाल है, तो कल्पना कीजिए भाजपा ने पूरे देश की स्थिति क्या बना रखी है।

# संसदीय प्रणाली में मोदी के विकल्प का सवाल अप्रासंगिक: शशि थरूर

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प से जुड़ा सवाल अप्रासंगिक है क्योंकि संसदीय प्रणाली में लोग किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि एक पार्टी या दलों के गठबंधन को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प विपक्ष के पास ऐसे अनुभवी, सक्षम और विविध नेताओं का समूह है जो लोगों की समस्याओं के प्रति उत्तरदायी



होंगे और व्यक्तिगत अहंकार से प्रेरित नहीं होंगे। थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया, एक बार फिर एक पत्रकार ने मुझसे एक ऐसे व्यक्ति को चिह्नित करने को कहा है जो मोदी जी का विकल्प हो सकता है। यह सवाल संसदीय प्रणाली में अप्रासंगिक है। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा, हम किसी व्यक्ति (राष्ट्रपति प्रणाली की तरह) को नहीं चुन रहे हैं, बल्कि एक पार्टी या दलों के गठबंधन को चुन रहे हैं। यह गठबंधन उन सिद्धांतों और दृढ़ विश्वासों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत की विविधता, बहुलवाद और समावेशी विकास को संरक्षित करने के लिए जरूरी हैं।

# राज्यसभा से रिटायर हुए मनमोहन सिंह, 33 साल तक रहे सांसद

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी। मनमोहन सिंह के अलावा वर्तमान सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यकाल भी बुधवार को राज्यसभा में समाप्त हो गया। राज्यसभा सांसद व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह लगभग 33 वर्ष तक राज्यसभा के सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय व प्रशासनिक सुधारों की शुरूआत की। वर्ष 1991 में वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। उसी साल वह 1991 से 1996 तक तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में वित्त



मंत्री और 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। बुधवार को दो केंद्रीय मंत्री भी राज्यसभा से रिटायर्ड हो गए, इनके साथ ही मंगलवार को पांच अन्य केंद्रीय मंत्री राज्यसभा से रिटायर्ड हुए थे। यानि दो दिनों में सात केंद्रीय मंत्री राज्यसभा से सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन हैं। इनमें से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुरुगन को छोड़कर बाकी सभी केंद्रीय मंत्री लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राज्यसभा से रिटायर्ड होने वाले सांसदों में समाजवादी पार्टी की जया बच्चन भी शामिल हैं। हालांकि जया बच्चन को एक बार फिर से समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा भेजा है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रसिद्ध अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी का भी राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया। लेकिन उन्हें फिलहाल राज्यसभा में दोबारा एंट्री नहीं मिली है। अभिषेक मनु सिंघवी ने हिमाचल से राज्यसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन यहां क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी राज्यसभा से रिटायर्ड हो गए हैं।

**सम्मान** — ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख भारत दौरे पर, साउथ ब्लॉक में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को और मजबूत करेगा भारत

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के दौरे पर आये रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के चीफ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड का बुधवार को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने स्वागत किया। उन्होंने साउथ ब्लॉक लॉन में नौसेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। हैमंड ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना



के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड 02 से 06 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दौरे की शुरूआत की। साउथ ब्लॉक पहुंचने पर भारतीय नौसेना की ओर से पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बढ़ी हुई परिचालन व्यस्तताएं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और सूचना साझा करना शामिल है। ऑस्ट्रेलियाई नेवी चीफ नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मिले। बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने, आपसी विश्वास को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच सहयोग के भविष्य के रास्ते तय करते हुए आला प्रौद्योगिकियों और रक्षा उद्योग में सहयोग के रास्ते तलाशे गए। वह चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से भी मुलाकात करेंगे। मार्क हैमंड कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान और मुंबई में पश्चिमी नौसेना कमान का दौरा करके संबंधित कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 04 अप्रैल, 2024



# अक्षय पात्र फाउंडेशन ने परोसा चार अरब लोगों को अन्न, संयुक्त राष्ट्र में मना जश्न

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

संयुक्त राष्ट्र संघ में अक्षय पात्र का सम्मान गर्व की बात है। भोजन वितरण के लिए श्रील प्रभुपाद से प्रेरणा मिली। उन्हीं की प्रेरणा से अब संस्था ने 400 करोड़वी थाली परोसने का जश्न मनाया है। वर्तमान में 24 हजार से अधिक स्कूलों में भोजन संस्था पहुंचा रही है। संस्था की अत्याधुनिक रसोई आज अध्ययन का विषय बन गई है। दुनिया भर के लोग रसोई देखने आते हैं। भरतर्षभा दासा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, द अक्षय पात्र फाउंडेशन



## घटना की मुख्य झलकियाँ:

जरूरतमंद बच्चों को 4 अरब भोजन उपलब्ध कराने की सेवा का सम्मान। कक्षा की भूख को हल करने के लिए अक्षय पात्र के अभिनव दृष्टिकोण का प्रदर्शन इसमें हमारे संस्थापक-अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास के साथ-साथ श्री एन.आर. नारायण मूर्ति और श्री कैलाश सत्यार्थी जैसी उल्लेखनीय हस्तियों सहित प्रतिष्ठित वक्ता शामिल। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत ने वैश्विक स्तर पर देश की उपलब्धि का जश्न मनाया। न्यूयार्क में आयोजित कार्यक्रम खाद्य सुरक्षा में उपलब्धियां: सतत विकास लक्ष्यों की ओर भारत के स्थायी मिशन ने भारत सरकार और अक्षय पात्र फाउंडेशन की उस पहल के बारे में बताया जिसके तहत चार अरब लोगों को भोजन परोसा गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ा। पीएम ने संदेश में कहा कि गर्व और खुशी के साथ मैं अक्षय पात्र फाउंडेशन की टीम चार अरब लोगों की भोजन परोसने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। यह उत्सव खाद्य सुरक्षा में भारत के योगदान की मान्यता है। संदेश के माध्यम से उन्होंने कहा कि बच्चे के पहले चावल के भोजन के पवित्र अन्नप्राशन समारोह से लेकर संतुलित आहार के महत्व पर जोर देने वाली थाली की अवधारणा तक, हमारा सामाजिक लोकाचार पोषण, आहार और विविधता के बीच एक अंतरसंबंध बनाता है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भोजन परोसने से इस मील के पत्थर का महत्व और भी उजागर होता है, जो वैश्विक कल्याण के लिए जुनून दिखाता है। कार्यक्रम में नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी, इंफोसिस के मानद चेयरमैन एनआर नारायण मूर्ति, अक्षय पात्र के संस्थापक और अध्यक्ष मधु पंडित दासा और संस्था के संह-संस्थापक और उपाध्यक्ष श्री चंचलापति दासा मौजूद रहे।

बच्चों के अधिकारों के समर्थक और एसडीजी के कट्टर समर्थक नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्र लाखों बच्चों की स्कूल छोड़ने से रोकने में सफल रहा है। उनका नोबेल कार्य युवाओं को उनकी वास्तविक क्षमता हासिल करने में मदद करके देश को कई कदम आगे ले जाएगा।

इन्फोसिस के मानद चेयरमैन एनआर नारायण मूर्ति ने कहा कि अक्षय पात्र यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत है कि कोई भी बच्चा भूख के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की मजबूत नींव के बिना कोई भी देश अपने नागरिकों के लिए समृद्धि बढ़ाने के लिए एक मजबूत और टिकाऊ मार्ग नहीं बना सकता है। ऐसी नींव के लिए बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। अक्षय पात्र की भव्यताह्व और यह सुनिश्चित करने के लिए नेक लड़ाई कि कोई भी बच्चा भूख के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, इस जटिल पहेली में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैं इस सुनियोजित और मजबूत मध्याह्न भोजन योजना के लिए अक्षय पात्र के नायकों की सराहना करता हूं, सराहना करता हूं, सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। ह्व

अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष मधु पंडित दासा ने कहा कि हम अक्षय पात्र को भारत के साथ ही उन देशों में भी ले जाना चाहते हैं जो हमें बच्चों की सेवा के लिए वहां की सरकार के साथ काम करने का अवसर देंगे। श्री मधु पंडित दासा ने भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, कॉर्पोरेट भागीदारों, व्यक्तिगत दानदाताओं और बड़े पैमाने पर समुदाय सहित सभी हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्येक स्कूल दिवस पर बच्चों को गर्म, पौष्टिक, सुरक्षित और स्वादिष्ट भोजन परोसने की प्रतिबद्धता भी दोहराई और आगे कहा कि फाउंडेशन विभिन्न नवीन पहलों के माध्यम से मध्याह्न भोजन के प्रभाव को बढ़ाने का प्रयास करेगा। अक्षय पात्र की भोजन परोसने की यात्रा 2000 में शुरू हुई। 2012 तक एक अरब लोगों को भोजन परोसा गया। 2016 तक यह संख्या दो अरब हुई। 2019 में तीन अरब लोगों को भोजन परोसने की उपलब्धि हासिल की। अक्षय पात्र भारत सरकार के पीए पोषण अभियान के लिए गैर-लाभकारी कार्यान्वयन भागीदार है। यह बच्चों की हर दिन सरकार और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्वच्छ,सुरक्षित और गर्मा गरम मध्याह्न भोजन उपलब्ध करता है। फाउंडेशन भारत के 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 72 स्थानों पर 24,082 स्कूलों में 21 लाख बच्चों को खाना खिलाता है।

ऐसे हुआ प्रारंभ

### -संस्था की शुरूआत :

अक्षय पात्र फाउंडेशन की स्थापना के पीछे ह्दय विदारक कहानी है। इसके पीछे वैश्विक हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद जी के प्रेरणा है। द अक्षय पात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभा दास बताते हैं कि पश्चिम बंगाल के मायापुर में श्रील प्रभुपाद ने जूठी पत्तलों के लिए कुत्तों और बच्चों को लड़ते देखा तो बहुत दुखी हुए। तब उन्होंने तय किया कि कम से कम उनके मंदिर के आसपास दस मील के दासरे में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। फाउंडेशन के संस्थापक और चेयरमैन मधु पंडित दासा ने वर्ष 2000 में बेंगलुरू में 1500 बच्चों को प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था के तहत पहली रसोई शुरू की। 2003 में इस संस्था का नामाकरण तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पंडित मुरली मनोहर जोशी ने किया। उन्होंने जब बड़ी रसोई देखी तो कहा कि इसे देखकर लगता है कि इसका भोजन कभी समाप्त नहीं होगा, इसलिए उन्होंने इस संस्था को अक्षय पात्र नाम दिया। केंद्र सरकार, राज्य सरकार,केंद्रशासित प्रदेश, व्यावसायिक भागीदारी और व्यक्तिगत दानदाता मिलजुलकर ये काम करते हैं। इसमें 60 प्रतिशत भूमिका सरकार ओर लगभग 40 प्रतिशत कारपोरेट और निजी भागीदारी की होती है

### अनेको राहों से बन रहे सहायक

अक्षय पात्र फाउंडेशन के मदद के हाथ सिर्फ पेट की आग बुझाने तक ही सीमित नहीं है। बच्चों की शिक्षा और भविष्य का मजबूत आधार बनाने की ओर भी फाउंडेशन ने जी तोड़ मेहनत की है। सरकारी शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए फाउंडेशन विभिन्न आय वर्ग के विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करने के साथ ही उनकी पहुंच तकनीक तक बनाने में भी कार्यरत है। डिजिटल एजुकेशन प्रोग्राम से लेकर स्कूल भवनों का पुनर्निर्माण, छात्रवृत्ति से लेकर बच्चों को एक्टिविटी आधारित पढ़ाई कराने की जिम्मेदारी अक्षय पात्र संस्थान ने उठा रखी है

### आपदा राहत

सामाजिक विकास में अक्षय पात्र की भूमिका स्कूल के भोजन कार्यक्रम से पिछले दो दशकों में फाउंडेशन ने प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों के दौरान देशभर में कई स्थानों पर राहत सामग्री उपलब्ध कराने का काम किया है। कोविड 19 महामारी के दौरान सरकार के राहत प्रयासों का समर्थन करने के लिए खाद्य सहायता के लिए साझेदारियों का लाभ उठाया और संसाधन जुटाए। इसलिए राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों के प्रासकों और नागरिक निकायों के समन्वय से देशभर के विभिन्न स्थानों में खाद्य राहत का विस्तार किया। अक्षय पात्र फाउंडेशन देश की ही नहीं विश्व की अग्रणी सामाजिक संस्था है,जिसने कोविड महामारी के दौरान करीब 24.4 करोड़ लोगों तक भोजन का वितरण किया और अपने सामजिक दायित्वों के निर्वहन किया। वर्तमान में यूक्रेन-रुस युद्ध व अन्य आपदाओं में लगातार भोजन का अनवरत वितरण कर रही है। महिला सशक्तिकरण अक्षय पात्र महिला सशक्तिकरण पर लगातार काम कर रही है। संस्था में बड़े पदों से लेकर छोटे पदों तक काफी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं। राधा रानी के घर बरसाना में महिलाओं द्वारा रसोई का संचालन कर महिला सशक्तिरकण को और मजबूत किया। उत्तराखंड में संस्था भोजन माता कार्यक्रम पर लगातार काम रही है। इसके तहत स्कूलों में भोजन परोसने वाली भोजन माताओं को खाना परोसने में किस प्रकार के मानकों का ध्यान रखना चाहिए ताकि बच्चे स्वचछ खाना परोसा जा सके। इसके लिए समय-समय पर भोजन माताओं का ट्रेनिंग दी जाती है। इसका फायदा भी देखने को मिला है। भोजन माताएं पहले से ज्यादा सर्तकता से खाना परोस रही है।

# ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की

- केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा समेत अन्य की 8.80 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी श्रीमती अलका अरोड़ा, मैसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल कुमार अग्रवाल (उप ठेकेदार) और मैसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीजेबी के ठेकेदार) से संबंधित कुल 8.80 करोड़ रुपये कीमत की विभिन्न चल-अचल संपतियों को अनंतिम रूप से जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी के मुताबिक उक्त अचल संपत्तियां दिल्ली में स्थित हैं।

इसके अलावा ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत राजिंदर कुमार गुप्ता, पूर्व-सीएमडी, डब्ल्यूएपीसीओएस लिमिटेड, उनकी पत्नी रीमा सिंगल और उनके पुत्र गौरव सिंगल से संबंधित कुल 3.27 करोड़ रुपये कीमत की गुड़गांव स्थित अचल संपत्तियों को जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रही है। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है, जिसमें दिल्ली जल बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वत से संबंधित मामले शामिल हैं।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज को उनके 76वें बरसी भंडारे के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजली दी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्लीः सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज ;27 जुलाई 1858 - 2 अप्रैल, 1948द्ध के उदाहरण स्वरूप जीवन और उनकी शिक्षाओं को उनके 76वें बरसी भंडारे के अवसर पर याद किया। उन्होंने अपने श्रद्धासुमन हजूर को अर्पित करते हुए कहा कि हजूर ने लाखों लोगों को आत्मिक उभार देकर उन्हें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलाया।

इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि हजूर प्रेम, दिव्यता और दया के प्रतीक थे। हम सब बहुत ही भाग्यशाली हैं कि उन्होंने हमें अपनी तवजजो और दया प्रदान कर हम सभी के जीवन को प्रभु के दिव्य-प्रेम से भर दिया। वे 90 साल तक शारीरिक रूप में हम सबके साथ रहे और अपने आस-पास के सभी लोगां के जीवन को पिता-परमेश्वर के प्रेम से भर दिया। उन्होंने लाखों लोगों को मन-माया की दलदल से बाहर निकालकर उनका ध्यान रूहानियत की ओर कर दिया। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सभी को पिछली सदी के महान संत हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आहवान करते हुए कहा कि उनका प्रेम और एकता का संदेश आस्था या धर्म से परे सारे संसार के लिए था। जिन लोगों ने उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढाला वे अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को पहचानने के लायक हुए क्योंकि उन्होंने उन्हें उनके निजघर सचखंड पहुंचा दिया। वे चाहते थे कि हहम जीवन के असली उद्देश्य को जानें और अपने आपको जानने तथा पिता-परेश्वर को पाने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में कदम उठाएं। हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का जन्म 27 जुलाई 1858 को ग्राम महिमासिंहवाला, जिला लुधियाना, पंजाब में हुआ। वे अपने सत्संगों के जरिये समझाया करते थे कि हममें से हरेक पिता-परमेश्वर को पा सकता है जोकि हमारे इस मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य है क्योंकि हम सब प्रभु की संतान हैं।

उन्होंने मानव-जाति के कल्याण हेतु आध्यात्मिक जागृति की भविष्यवाणी की थी कि पश्चिम के देशों में रूहानियत बड़ी तेजी से फैलेगी। उनके पश्चात परम संत कृपाल सिंह जी महाराज और संत दर्शन सिंह जी महाराज ने विश्वभर में अनेक यात्राएं करके वहां रूहानियत की मशाल जलाई और आज भी वो रूहानी कार्य सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा हम सबका मार्गदर्शन कर रहा है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को आंतरिक ज्योति और श्रुति पर ध्यान-अभ्यास के माध्यम से अंतरीय और बाहरी शांति को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। ध्यान-अभ्यास के विश्व-विख्यात गुरु और लेखक संत राजिन्दर सिंह जी महाराज पिछले 35 वर्षों से शांति, प्रेम और मानव एकता का संदेश फैलाने के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं।

सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।

# गोगी-कपिल मान गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार, दोनों पर हत्या समेत दर्ज हैं कई मामले

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर जितेंद्र मान उर्फ गोगी (रोहिणी कोर्ट में मारा गया) व कपिल मान उर्फ कल्लू गिरोह के दो शूटर अभिमन्यू व हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें हिमांशु उर्फ काला, बहुअकबरपुर, रोहतक में एक व्यक्ति को आपराधिक धमकी देने के मामले में वांछित था। दोनों के कब्जे से प्वाइंट 32 बोर की दो पिस्टल, आठ कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ हत्या, हथियार के साथ डकैती और हथियार अधिनियम सहित कई आपराधिक मामले पहले के दर्ज हैं। डीसीपी के मुताबिक हिमांशु उर्फ काला व अभिमन्यु, झज्जर, हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों की गिरफ्तारी से किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने की योजना विफल हो गई। 30 मार्च की मध्यरात्रि जहांगीरपुरी और रोहिणी के आसपास के इलाकों में गोगी-कपिल मान गिरोह के करीबी हिमांशु और अभिमन्यु की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। एसटीएफ की टीम ने कैलाश फार्म रोड, श्मशान घाट मोड़, अलीपुर के पास दोनों को बिना नंबर प्लेट बाइक पर आते देख जब उन्हें रुकने का इशारा किया तब दोनों भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को अवैध हथियारों व कारतूस के साथ दबोच लिया। इनके कब्जे से बरामद बाइक संगम विहार क्षेत्र से चोरी की पाई गई। हिमांशु ने अपने दोस्तों सुमित, हर्ष उर्फ मिथुन, सागर उर्फ राणा के साथ मिलकर 2021 में अपने गांव असौधा में दो लोगों की हत्या कर दी थी। उस मामले में वह दो साल तक जेल में रहा जहां वह अभिमन्यु के संपर्क में आया था। जेल से बाहर आने के बाद उसने प्रेमिका के परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ आर्य समाज मंदिर में उससे शादी कर ली थी। शादी के बावजूद युवती जब मायके में ही रही और हिमांशु के घर नहीं आई, तब उसने धमकी दी कि अगर उसकी प्रेमिका उसके घर नहीं आएगी, तो वह उसे और उसके परिवार के प्रत्येक सदस्य को मार डालेगा।

# गुजरात की बेटी जुई देसाई का दिल्ली में हुआ सपना पूरा, मिला बेस्ट मॉडल का खिताब



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में अहमदाबाद से आई जुई देसाई को 360 प्रोडक्शन हाउस द्वारा बेस्ट मॉडल का खिताब से सम्मानित किया गया। 18 साल की उम्र से मॉडलिंग, डांसिंग और अभिनय में सक्रिय जुई आज 32 साल की उम्र में युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए जुई ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा और बिपाशा बसु जैसी मॉडलिंग हस्तियां उनका प्रेरणा स्त्रोत रही हैं और इन्हीं को देखकर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनका सपना एयरलाइन इंटरनेशनल कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनना है। 2019 में मिस गुजरात का खिताब जीत चुकीं जुई लोगों की मदद करने में भी हमेशा आगे रहती हैं। वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है कि जुई देसाई ने अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से काम लिया। उनका यह मुकाम निश्चित रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# दिल्ली एनसीआर में सौ से ज्यादा वारदात कर चुके जहरखुरानी गैंग पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी की कई वारदातों में शामिल आजाद गैंग के तीन बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आजाद, आसिफ उर्फ जुबेर और साबिर के रूप में हुई है। मोहम्मद आजाद गैंग का सरगना है। जबकि आसिफ खजूरी खास पुलिस को घोषित बदमाश है। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, दो कारतूस, चोरी की दो स्कूटी, 32 स्लिपिंग पिल्स, पाउडर और ब्लेड और वारदात में इस्तेमाल टीएसआर जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों ऐसी कई दिनों से दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी गैंग द्वारा बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और व्यस्त बाजारों में गैंग के सक्रिय होने की जानकारी मिल रही थी। गैंग कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। बीते मंगलवार को अपराध शाखा को जानकारी मिली कि गैंग लीडर आजाद अपने साथियों के साथ मोरी गेट बस के पास आकर किसी वारदात को अंजाम देगा। एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश सती के निर्देशन में एसआई जगसीर, एएसआई रहीशुद्दीन, एएसआई योगेन्द्र, हेड कांस्टेबल प्रक्षित, सुशील, भूपेन्द्र और विकास को आरोपियों को पकडे का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि गैंग दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी और लूट की करीब सौ वारदातें कर चुके हैं। अपराध करने के लिए उन्होंने हथियारों और चोरी के वाहन का भी इस्तेमाल किया। जो दरियागंज और जाफराबाद इलाके से चोरी की गई थी। कुछ इस तरह से वारदात को देते हैं अंजाम

निरंतर पूछताछ पर, आरोपियों ने अपनी कार्यप्रणाली का खुलासा किया कि वे किराए पर ऑटो लेते थे और निर्दोष व्यक्तियों की तलाश में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और व्यस्त बाजारों में काम करते थे। गिरोह के सदस्य ऑटो चालक और यात्री बनकर ऑटो में सफर करते थे।

# दिल्ली में चार्जर को लेकर मां- बेटी में हुई झड़प, थाने पहुंचा मामला

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत के विहार से एक ऐसा मामला सामने आया जहां मोबाइल चार्जर के लिए मां- बेटी में लड़ाई हो गई है। मां ने आरोप लगाया है कि बेटी ने चार्जर के लिए पहले हाथापाई और फिर उन्हें दांत काटा लिया। वहीं बेटी ने मां पर आरोप ये लगाया है कि मां जबरन उनके कमरे में घुसकर मोबाइल चार्जर ले रही थीं। मना करने पर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत मिलने पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है। शिकायत में वंदना ने बताया कि 31 मार्च को वह घर के बाहर फोन पर बात कर रही थीं, तभी उनकी मोबाइल की बैटरी डाउन हो गई। मोबाइल चार्ज करने के लिए कमरे में जाने लगी तो बेटी ने उन्हें कमरे में घुसने नहीं दिया और चार्जर छुपा दिया। वह चार्जर खोजने लगीं तो बेटी ने उन्हें धक्का देकर उन्हें गिरा दिया और उनकी गर्दन दबा दी।

# भाजपा ने आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस

नई दिल्ली। भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की तरफ से उनके वकील सत्य रंजन स्वाइन ने आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि आतिशी ने अगर माफी नहीं मांगी तो जल्द ही मानहानि का मामला दर्ज कराया जाएगा। आतिशी व उनके साथी बार-बार कहते हैं कि भाजपा दल-बदल करने के लिए दबाव डालती है, लेकिन जब सबूत मांगे जाते हैं तो वे दरकिनार कर देते हैं। इस बार तो उन्होंने यहां तक कहा कि एक नजदीकी व्यक्ति के माध्यम से उन पर दल-बदल का दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने खुद की सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक की गिरफ्तारी की बात भी कहकर गुमराह करने की कोशिश की।

इन मुद्दों पर नोटिस भेजा

1. आतिशी पहले भी आदतन बेबुनियाद आरोप लगाती रही हैं।
2. आतिशी ने झूठा और खुद गढ़ा हुआ बयान दिया है।
3. आतिशी ने कोई ठोस या सही जानकारी नहीं दी है।
4. किसने उन्हें और कब संपर्क किया यह नहीं बताया है।
5. जिसने संपर्क किया वह उनका नजदीकी व्यक्ति था, तो कौन था। किसके निर्देश पर उसने बात की यह भी नहीं बताया।
6. राजनीतिक हालात में घिरकर जवाबदेह होते हैं तो विधायक तोड़ने या नेताओं की गिरफ्तारी की कहानी सुनाई जाती है।

# ईडी-भाजपा एक ही हैं, ईडी के वकीलों में भाजपा प्रवक्ता बांसुरी स्वराज का नाम शुमार- सोमनाथ भारती

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने सांसद संजय सिंह के मामले में भाजपा की प्रवक्ता एवं प्रत्याशी बांसुरी स्वराज द्वारा ईडी का प्रतिनिधित्व करने पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है। ईडी के वकीलों में भाजपा की प्रवक्ता बांसुरी स्वराज का नाम शामिल है। बांसुरी स्वराज ने सांसद संजय सिंह के खिलाफ कोर्ट में ईडी का प्रतिनिधित्व किया। संजय सिंह के मामले में दो अप्रैल के अलावा 5 फरवरी, 12 मार्च, 11 सितंबर को आए कोर्ट के आदेश में भी बांसुरी स्वराज का नाम है। बांसुरी स्वराज का नाम सार्वजनिक होने के बाद ईडी अब उनका नाम हटवाने कोर्ट गई है। उन्होंने कहा कि ईडी-सीबीआई और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक ईकाई बन गए हैं। ईडी-सीबीआई और आईटी के जरिए भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर 2471 करोड़ रुपए की वसूली की है। 2014 के बाद 25 नेताओं पर भ्रष्टाचार के केस चले थे। इसमें से 23 नेता भाजपा में शामिल हो गए और ईडी ने इनके सारे केस बंद कर दिए।



आप के वरिष्ठ नेता और लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बीजेपी केंद्रीय जांच एजेंसियों को एक औजार की तरह इस्तेमाल कर रही है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जिनको देखने के बाद किसी तरह का संदेह नहीं रह जाता है। बीजेपी ने भारत के संविधान और लोकतंत्र को तार-तार किया है। आम आदमी पार्टी ने शुरूआत से कहा है कि ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक इकाई बन गए हैं। अब यह सिद्ध हो चुका है कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। ईडी ही बीजेपी है और बीजेपी ही ईडी है। बीजेपी ने शराब घोटाले के नाम पर आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराने की कोशिश की। हम पहले भी कई बार बता चुके हैं कि बीजेपी किस तरह से ईडी के माध्यम से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है।

आप नेता सोमनाथ भारती ने बताया कि कैसे सरथ रेड्डी को 6 महीने जेल में रखा गया। उसके 6 बार बयान लिए गए लेकिन सीएम अरविंद केजरीवाल का उसमें कहीं नाम नहीं आया। इसके बाद भाजपा ने सरथ रेड्डी से डील की कि उसको दो शर्तों पर छोड़ा जाएगा। पहला, सरथ रेड्डी अरविंद केजरीवाल का नाम लेगा और दूसरा, सरथ रेड्डी भाजपा को 55 करोड़ रुपए वसूली के रूप में देगा। इसी डील के बाद सरथ रेड्डी से भाजपा की ईडी ने 7वां बयान लिया और उसने सीएम केजरीवाल का के खिलाफ बयान दिया। आप पहले भी सबूतों के साथ बता चुकी है केसे ओरोबिन्दो फार्मा कंपनी के अकाउंट से बीजेपी को पैसे ट्रांसफर किए गए। सरथ रेड्डी झूठे बयान के आधार पर देश के लोकप्रिय सीएम अरविंद केजरीवाल को बिना किसी सबूत या मनी ट्रेल के गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि सरथ रेड्डी की तरह ही सरकारी गवाह राघव रेड्डी के पिता मगुंटा रेड्डी का भी भाजपा से लिंक निकला। मगुंटा रेड्ड् के बेटे राघव रेड्डी को 10 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया। उसके पहले के दो बयानों में सीएम केजरीवाल का कहीं नाम नहीं था, लेकिन जब बीजेपी से बेल देने की डील पक्की हो गई तो उसने तीसरे बयान में अरविंद केजरीवाल का नाम ले लिया। बाद में मगुंटा रेड्डी को टीडीपी से लोकसभा चुनाव का टिकट मिंल गया। पूरे देश ने देखा कि बीजेपी ने किस तरह से इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से ईडी को एक नया काम दिया है। बीजेपी ने ईडी का इस्तेमाल कर वसूली करने का काम किया है। बीजेपी ने 2,471 करोड़ रुपए ईडी, आईटी और सीबीआई के जरिए उन कंपनियों से अपने अकांउट से वसूली कराए। ये सभी चीजें इसी तरफ इशारा कर रही हैं कि बीजेपी और ईडी में कोई फर्क नहीं है। दोनों एक ही है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को जब सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह को जमानत मिली तो उस आदेश में कुछ ऐसा देखने को मिला जिससे ये पता चलता है कि जो आम आदमी पार्टी कह रही थी वो सच साबित हो गया। उन्होंने 2 अप्रैल 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि इसमें बीजेपी की बांसूरी स्वाराज ईडी को रिप्रेजेंट कर रही हैं। बांसूरी स्वराज, बीजेपी की प्रवक्ता और लोकसभा उम्मीदवार हैं। एक ऐसा व्यक्ति कोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता के खिलाफ ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो इससे बड़ा क्या सबूत होगा कि बीजेपी ने राजनीतिक फायदे के लिए ईडी का दुरुपयोग किया। ईडी एक राजनीतिक इकाई की तरह बीजेपी के लिए काम कर रही है। आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि जब सोशल मीडिया के जरिए इस बात को सामने लाया गया तो ईडी कोर्ट चली गई कि उपस्थिति सूची से बांसूरी स्वराज का नाम डिलीट किया गाए। पिछले आदेशों में भी उनका नाम इस सूची में शामिल है। 5 फरवरी 2024, 12 मार्च 2024 और 11 दिसंबर 2023 को संजय सिंह के मामले में आए कोर्ट के आदेशों में हर जगह बीजेपी की प्रवक्ता और उनकी लोकसभा प्रत्याशी बांसूरी स्वराज ईडी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इससे बड़ा सबूत और हो सकता है कि ईडी, बीजेपी की एक राजनीतिक इकाई के तौर पर काम कर रही है। वो बीजेपी के लिए वसूली कर रही है और बीजेपी के लिए ही इस चुनाव को निष्पक्ष नहीं होने दे रही है।

# भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा गिरफ़्तार करने के बाद केजरीवाल जी के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा है बड़ा खतरा-आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा गिरफ़्तार करने के बाद से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस विषय में प्रेस-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए, वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। वो ईडी की हिरासत में थे तब ही 3 बार उनका शुगर लेवल गिरा और एक बार ये 46 तक पहुँच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। साथ ही अरविंद केजरीवाल जी का पिछले 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटा है। डायबटीज के मरीज के लिए इतने कम समय में इतना वजन घटना काफी खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी गंभीर डायबटीज के मरीज, दिन में कई बार उनके ब्लड शुगर लेवल की जाँच होती है; घटते-बढ़ते शुगर लेवल के अनुसार उन्हें दवाइयाँ और इन्सुलिन के इंजेक्शन लेने होते है। आतिशी ने कहा कि, डायबटीज से प्रभावित किसी मरीज का ब्लड शुगर लेवल 50 से नीचे गिरे जान पर भी खतरा हो सकता है लेकिन ईडी की हिरासत में केजरीवाल जी का ब्लड शुगर 46 तक आ गया था।



उन्होंने कहा कि, गंभीर डायबटीज के बाद भी, अरविंद केजरीवाल जी ने अपने स्वास्थ्य को कभी भी देशसेवा में अड़चन नहीं बनने दिया, वो दिन रात दिल्लीवालों के हित में काम करते रहे। लेकिन अब भाजपा शासित केंद्र सरकार की गिरफ़्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल जी के स्वास्थ्य पर भारी खतरा है। केजरीवाल जी की कुचलने के लिए भाजपा किसी भी हद तक जा रही है। मैं भाजपा को चेतावनी देती हूँ कि, अगर हिरासत में अरविंद केजरीवाल जी के स्वास्थ्य को कुछ हुआ तो ये देश भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा।

आप नेता आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी गंभीर डायबटीज के मरीज है। इस कारण दिन में कई बार उनके ब्लड शुगर लेवल की जाँच होती है। जिस तरह उनका शुगर लेवल घटता-बढ़ता है और उसके अनुसार उन्हें दवाइयाँ लेनी होती है, इन्सुलिन के इंजेक्शन लेने होते है। और उसी के अनुसार उनका खानपान और डाइट निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि, डायबटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसके गंभीर होने पर और भी बहुत से परेशानियाँ बढ़ती है। इसका असर इंसान के हार्ट, किडनी, आँखों पर, पूरे नर्वस सिस्टम पर पड़ता है। इसमें एक बहुत बड़ा खतरा ब्लड शुगर लेवल के गिरने का होता है, जिसे हाइपरग्लाइसीमिया कहते है। अगर गंभीर डायबटीज से प्रभावित किसी मरीज का ब्लड शुगर लेवल 50 से नीचे गिर जाये तो उनकी जान पर भी खतरा हो जाता है। डायबटीज से प्रभावित किसी भी मरीज का ब्लड शुगर लेवल कभी भी 80 से नीचे नहीं आने दिया जाता। अरविंद केजरीवाल जी ऐसे गंभीर डायबटीज के मरीज है।

आतिशी ने कहा कि, इतने गंभीर डायबटीज के बाद भी, इतनी बीमारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल जी ने आजतक अपने स्वास्थ्य को अपने देशसेवा में कभी अड़चन नहीं बनने दिया। चाहे अनशन पर बैठना हो, वो दिन रात दिल्लीवालों के हित में सुबह से रात तक काम करते है।

उन्होंने कहा कि, लेकिन जब से अरविंद केजरीवाल जी को भाजपा शासित केंद्र सरकार ने गिरफ़्तार किया है। तब से उनके स्वास्थ्य पर जबरदस्त खतरा मंडरा रहा है। जब वो ईडी की हिरासत में थे तब 3 बार उनका शुगर लेवल गिरा। एक बार ये 46 तक पहुँच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

आतिशी ने साझा करते हुए बताया कि, अरविंद केजरीवाल जी का पिछले 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता जागरूकता के लिए निकली बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल रैली



हाजीपुर। समाहरणालय परिसर से हाजीपुर जक्शन तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल रैली (स्वीप कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, वैशाली के निदेश के आलोक में अपर समाहर्ता, वैशाली के द्वारा समाहरणालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना की गयी।मतदाता जागरूकता रैली में वैशाली जिला के कुल 75 दिव्यांगजन जिन्हें पूर्व में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, वैशाली के द्वारा बैट्रीचालित ट्राईसाईकिल उपलब्ध करायी गयी है वे शामिल हुए रैली समाहरणालय परिसर से हाजीपुर जक्शन परिसर तक गयी एवं हाजीपुर जक्शन परिसर पर उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं स्वीप आईकॉन डॉ० संदीप सागर के द्वारा सभी दिव्यांगजनो के समक्ष मतदान में अपनी शत्प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की गयी। साथ ही उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने एवं दूसरे को भी मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु भी अपील की गयी।

### वैशाली प्रखंड क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



वैशाली ।जिलाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।वैशाली प्रखंड के मदरना पंचायत में उप विकास आयुक्त सम्स जावेद अंसारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार ,अंचलाधिकारी लवली सिंह ,पीओ मनरेगा ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह ,निशिकांत , सहित सभी रोजगार सेवक, कृषि समन्वय क ,कृषि सलाहकार के साथ, आशा ,आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया ।स्कूली बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे ।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उपविकास आयुक्त ने कहा कि इसबार मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है । मतदान के समय भीषण गर्मी रहेगी ।इसको देखते हुए सभी मतदान केंद्र पर पीने का पानी एबम छावं की व्यवस्था रहेगी ।सभी लोग लाइन में लगकर अपना मतदान करें ।बुजुर्गो एबम दिव्यांक लोगों के लिए व्यवस्था की जायेगी ।

### एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

जंदाहा ।गुप्त सूचना के आधार पर जंदाहा थाना पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।बताया गया है की पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार सशस्त्र पुलिस बल के साथ पुलिस गाड़ी से विशेष गस्ती व छपामरी करने के दौरान जब वे जंदाहा गांधी चौक पहुंचे तो उन्हें गुप्त सूचना मिली की जंदाहा के मुनेश्वर चौक के पीछे स्थित एक गाछी में एक व्यक्ति अवैध शराब का क्रय विक्रय कर रहा है ।मिली गुप्त सूचना पर जब वे उक्त गाछी में पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को आते देख भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया ।जब पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके कमर में खोंसा हुआ प्लास्टिक की बोतल में बन्द साढ़े सात सौ ए म ए ल का नाइट गर्थ व्हिस्की बरामद हुआ ।

### महिला कॉलेज के प्रधान सहायक के असामयिक निधन से शोक की लहर

महुआ ।नगर परिषद के लोहसारी रोड निवासी महिला कॉलेज हाजीपुर के प्रधान सहायक संजय कुमार सिंह का बुधवार की सुबह अचानक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिजनों में कोहरा मच गया वहीं इलाके में भी शोक की लहर दौड़ पड़ी है । उनकी मौत का कारण हृदय आघात बताया जाता है ।मिली जानकारी के अनुसार महुआ नगर परिषद क्षेत्र के लोहसारी रोड निवासी एवं महिला कॉलेज हाजीपुर के हाजीपुर के प्रधान सहायक सह समाजसेवी संजय कुमार सिंह का बुधवार की सुबह अचानक निधन हो गया। उनके निधन का कारण हृदय आघात बताया जाता है ।संजय सिंह के आसामयिक निधन से उनके परिजनों में कोहराम मच गया ।वहीं उनके असामयिक निधन की खबर सुनते ही इलाके में भी शोक की लहर दौड़ पड़ी और भारी संख्या में लोग उनके घर पर पहुंच कर मृतक के आश्रितों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की। शोक प्रकट करने वालों में वैशाली विधालय महुआ के पुस्तकालय अध्यक्ष रविंद्र कुमार , कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर उदय शंकर कुमार आदि के साथ साथ अनेकों लोग शामिल हैं।

# अनुमंडल पदाधिकारी उतरें गंगा दियारा में मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता



महनार। अनुमंडल पदाधिकारी नीरज सिन्हा दल बल के साथ महनार के गंगा दियारा बहलोलपुर में पहुंच गए और मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया । गंगा नदी के बीचों बीच बसा यह गांव उत्तर में हसनपुर ,दक्षिण में पटना जिला, पश्चिम में राघोपुर दियारा व पूरब में समस्तीपुर जिला से घिरा है । महनार प्रखंड का यह गांव तो अवश्य है किंतु महनार से इस गांव में जाने के लिए कोई सड़क मार्ग नही है लोग चकौसन से पीपा पुल के माध्यम से जुड़ावनपुर हो कर जाते है या हसनपुर से नाव द्वारा गंगा पार कर यहां पहुंचते है । दोनो साधन में इसकी दूरी तय करने में घण्टो लग जाता है जबकि यहां पर गंगा नदी पांच किलोमीटर ही चौड़ी है ।

अनुमंडल पदाधिकारी जब यहां पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कोई घटना होने पर पुलिस यहां दो तीन घण्टे बाद पहुंचती है एवं किसी को अस्पताल लेजाने में भी काफी समय लग जाता है जिस कारण रोगी की रास्ते मे ही मौत हो जाती है ।उन्हें दिखाया गया कि यहां नल जल की बोरिंग खराब है । सामुदायिक भवन भी काफी जर जर है। यहां का मतदान केंद्र एक मध्य विद्यालय में है जिसमे मात्र एक कमरा है । अनुमंडल पदाधिकारी ने इन सब पर काफी दुख प्रकट किया व बोरिंग का मरम्मत कराने तथा सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कराने एवं विद्यालय के लिए भूमि चयन कर अतिरिक्त कमरा का निर्माण करवाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने बताया कि इन सभी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी बसन्त सिंह भी थे और उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए 20 मई को निश्चित रूप से मतदान करने का अपील किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बिना किसी डर के आप मतदान करें पूरी पुलिस बल यहां मौजूद रहेगी एवं कोई भी शरारती तत्वों ने निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्तपन्न करने या किसी मतदाता को धमकाने का प्रयास किया तो उसे ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि उसे वह जीवन भर याद रखेगा। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से कहा कि वह अपने घर के आस पास मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर जारी करते हुए कहा कि कोई भी परेशानी होने पर वह इस पर कॉल कर सकते है।

उनके साथ अग्निशमन पदाधिकारी भी थे और उन्होंने बच्चों व शिक्षकों तथा ग्रामीणों को अगलगी रोकनर व उससे बचाव का तरीका बताया एवं इस पर विस्तार से चर्चा किया। विदित हो कि इन 25 वर्ष में नीरज सिन्हा ही एक अकेले ऐसे अनुमंडल पदाधिकारी है जिन्होंने दियारा वाशियों की समस्या जानने और उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने हेतु बहलोलपुर दियारा का भ्रमण किया।

# बीपीएससी परीक्षा पास करवाने के नाम पे गिद्धौर के युवक ने मांगा 5 लाख

## धनियाठीका गांव में ग्रामीणों ने पकड़कर वीडियो किया वायरल

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। खुद को उत्तर प्रदेश का बता कर बीपीएससी परीक्षा पास करवाने को लेकर गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मौरा पंचायत के धनियाठीका गांव निवासी एक शिक्षक के पुत्र से पांच लाख रुपये का डिमांड करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं ठग युवक पैसा लेने के लिए शिक्षक के बीपीएससी अभ्यर्थी पुत्र के घर धनियाठीका गांव भी पहुंच गया। इस दौरान उक्त युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए ठग की पहचान गिद्धौर निवासी लक्ष्मण उपाध्याय के पुत्र कौटिल्य उपाध्याय के रूप में हुई है। उक्त ठग फोन पर खुद को उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला बता रहा था ।वहीं मौरा पंचायत अंतर्गत धनियाठीका के ग्रामीणों के द्वारा उक्त युवक को पकड़कर उसका वीडियो बना लिया गया और ऐसे ठग युवक से लोगों को बचाने की अपील की गई। साथ ही उक्त वीडियो को ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। इस वायरल वीडियो की चारों ओर चर्चा हो रही है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार धनियाठीका गांव निवासी मो. शाहबाज बीपीएससी के तहत शिक्षक भर्ती परीक्षा दिया था, लेकिन उसका रिजल्ट नहीं हुआ। उसके बाद मोहम्मद शाहबाज के पिता शमशाद आलम के पास उक्त ठग युवक ने फोन किया और खुद को उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला बताते हुए बीपीएससी परीक्षा पास करने की बात कही और 5 लाख रुपये की मांग की गई, जिसमें उक्त युवक ने कुछ पैसा पहले देने की बात कही और वह पैसा लेने के लिए धनियाठीका गांव पहुंच गया। जहां ग्रामीणों ने शक की बुनियाद पर उसे पकड़ लिया, तब पता चला कि उक्त युवक उत्तर प्रदेश का नहीं बल्कि गिद्धौर का रहने वाला ठग कौटिल्य उपाध्याय है। हालांकि वीडियो बनाकर ग्रामीणों द्वारा उक्त युवक को छोड़ दिया गया और वीडियो को वायरल कर दिया गया।

# नए शिक्षा सत्र में बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः– प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुली में बुधवार को नए शिक्षा सत्र के शुरूआत होने से छात्र–छात्राओं को तिलक व फूलों की वर्षा करके स्वागत किया गया । इस दरम्यान विद्यालय के शिक्षिका रेणु देवी, पूजा कुमारी, दयमंती कुमारी भारती ने बारी–बारी से सभी बच्चों को क्रमबद्ध तरीके से माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन व स्वगत करते दिखीं ।वहीं विद्यालय के सभी बच्चे उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर नए सत्र की शुरूआत करते दिखे। गुरु के द्वारा शिष्यों का स्वागत काफी उत्साह पूर्वक देखने को मिला एक और जहां बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे थे तो वहीं शिक्षकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने बताया की नई शिक्षा सत्र की शुरूआत में बच्चों को स्वागत करके नए वर्ग में उनकी पढ़ाई शुरू की जा रही है । हम विद्यालय के सभी बच्चों से उन्हे उज्वल भविष्य की कामना करते हैं और और बच्चों से नए शिक्षा सत्र में खूब मन लगाकर पढ़ाई करने का आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक दिलीप कुमार मंडल,अमरेंद्र कुमार गुप्ता,विश्वजीत मेहता,अंशुमन पटेल, शिक्षिका रेनू देवी,दयावती कुमारी भारती, पूजा कुमारी के अलावा सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे ।

# ओक्सफोर्ड स्कूल मे जांच शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता,

मुरलीगंज (मधेपुरा)। शहर के काशीपुर स्थित बीआर ओक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मे लायंस क्लव के द्वारा बुधवार को जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर मे लगभग 600 बच्चों का जिले के नामचीन डॉक्टर्सो के द्वारा चेकअप किया गया। इससे पूर्व डॉक्टर एसएन यादव, डॉक्टर आरके पप्पू, डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर रूपेश कुमार, डॉक्टर साकेत, डॉक्टर रोहित भगत, लायंस क्लब मुरलीगंज के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर अनंत प्रसाद यादव, प्रणय साह, किशोर कुमार उर्फ मुन्ना चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर जांच शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चो के दांत, आंख सहित अन्य रोगो का जांच किया गया। डाक्टरो ने बताया कि बच्चे दांतो की देखरेख सही तरीके से करे तो दांतो की समस्याओ से मुक्ति मिल जायेगी। प्रत्येक दिन सुबह व रात मे खाना खाने के बाद अच्छे से ब्रस करना चाहिये। जिससे उनके दांतो सुरक्षित रहते है। वही अन्य डाक्टरो ने भी बच्चो को विभिन्न तरह के बिमारीयो से बचने के उपाय बताये। बच्चो को मोबाइल और चोकलेट का कम प्रयोग करने को कहा। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉक्टर मानव कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों का हेल्थ चेकअप लगातार होनी चाहिए।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। भारत विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा लोकतंत्र है। ऐसे महान देश के नागरिक के रूप में हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अनिवार्य रूप से मतदान में भाग लें। मतदान का प्रतिशत जितना अधिक बढ़ेगा, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यह बात उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद ने कही। वे मंगलवार को मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित मतदाता जागरूकता–सह–समावेशी स्वीप कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, मधेपुरा के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे ऊजार्वान एवं समावेशी लोकतंत्र है। इसमें सभी नागरिकों को मतदान का समान अधिकार प्राप्त है। देश की आम जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वार्ड पार्षद से लेकर सांसद तक का चुनाव करती है ।उन्होंने कहा कि देश में मतदान का औसत 67 प्रतिशत है। लेकिन बिहार अभी इससे लगभग 10 प्रतिशत पीछे है। हम सबों को मिलकर बिहार में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से ऊपर ले जाना है। इसके लिए यह जरूरी है कि हम 7 मई को सभी कामों को छोड़कर पहले मतदान करें।

**प्रतिबद्ध है जिला प्रशासनः** उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मतदान करें पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पेयजल एवं शौचालय का उत्तम प्रबंध किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील–चेयर रैम्प की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्पलाइन एप बनाया गया है और हेल्प लाइन नंबर 1950 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत वोट के लिए रुपए का वितरण, सांप्रदायिक भाषण, अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन, शराब या अन्य नशीले पदार्थो का वितरण, धमकी देना, मतदाताओं का निःशुल्क परिवहन, वोट के लिए मुफ्त वितरण, पेड न्यूज, फेक न्यूज, संपत्ति विरूपण आदि प्रतिबंधित है। ऐसी कोई भी घटना हो, तो उसे सीभीआईजीआईएल एप पर रिपोर्ट किया जाए। जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने कहा कि मधेपुरा लोकसभा में सात मई को लोकसभा के आमचुनाव के लिए मतदान होना है। इसमें सभी लोग अनिवार्य रूप से मतदान करें। इससे जिले में कम–से–कम पचहत्तर प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं हो, तो नोटा (एनओटीए) का प्रयोग करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. सईद अंसारी ने बताया कि मधेपुरा जिला में विगत तीन–चार माह में लगभग 70 हजार नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। जो बचे हुए लोग हैं, उनका भी नाम जोड़ा जा रहा है। इसके लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सबों से अपील की कि कैम्प में भाग लेकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं।

जिला चिकित्सा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में मतदान नागरिकों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि सभी स्वयं मतदान करें और अपने परिवार एवं आस–पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी विजेता कुमारी ने कहा कि जिला पदाधिकारी के आफिसियल फेसबुक एवं इंस्टेग्राम के माध्यम से भी मतदान एवं चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम यादव ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिये, हमे भयमुक्त होकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं फसना चाहिए।

# सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मुख्यालय में बने रहें : जिला पदाधिकरी

## लापरवाह पदाधिकारी व कर्मी दंडित होगें

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए गठित सभी 22 कोषांगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्रतिदिन प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में कार्य का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। वे आज समाहरणालय में निर्वाचन कोषांग की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने निदेश दिया कि चुनाव सम्पन्न होने तक सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मुख्यालय में बने रहे ताकि आयोग से देर शाम मिलने वाले निदेश का ससमय पालन किया जा सके। चुनाव कार्य में जो पदाधिकारी एवं कर्मी लापरवाही बरतेगें, उन्हें दंडित किया जायेगा। उन्होंने अवर निर्वाचन पदाधिकारी को निदेश दिया कि वे स्वयं चुनाव से संबंधित सारे ई–मेल को चेक करेंगे तथा ससमय उपस्थापित करेंगे। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निदेश दिया कि प्रति दिन सुबह 10:00 बजे निर्वाचन कोषांग एवं सभी नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित करें। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी और अवर निर्वाचन पदाधिकारी को निदेश दिया कि वे नियमित रूप से सभी कोषांगों का निरक्षण करें और कमियों को बतायें।

# जमीनी विवाद को ले दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों पक्ष से 6 लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता



(मधेपुरा)। थाना क्षेत्र के बिशनपुर बाजार पंचायत स्थित टिकुलिया मकड़ी टोला में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। प्रथम पक्ष चंदन शर्मा , दूसरा पक्ष राजेंद्र शर्मा के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है।

प्रथम पक्ष की घायल महिला रेखा देवी ने आरोप लगाते हुए बताया दूसरा पक्ष के राजेंद्र शर्मा, दीपू शर्मा, मुलुर देवी, प्रमोद शर्मा मेरे निजी जमीन में बांस का खुट्टा गार रहे थे। मना करने गए तो उक्त सभी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में एक पक्ष के सूरज शर्मा, रेखा देवी, चंदन शर्मा, प्रभु शर्मा घायल हो गए। दूसरा पक्ष के घायल दीपू शर्मा ने बताया अपने निजी जमीन में बांस का खुट्टा गार रहे थे। दूसरा पक्ष के चंदन शर्मा, ढ़ोढ़य शर्मा, रेखा देवी, प्रभु शर्मा, सूरज शर्मा आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में दूसरा पक्ष के दीपू शर्मा और मुलुर देवी घायल हो गई। सभी घायल को परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर सूरज शर्मा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। इलाज के लिए भेजा गया है आवेदन मिलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी के औचक निरीक्षण में ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस से गायब कर्मियों का वेतन बंद



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। बीते दिन डीएम सौरभ जोरवाल एवं एसपी कांतेश मिश्रा के द्वारा औचक निरीक्षण में गायब पुलिस कर्मियों का वेतन बंद करते हुए स्पष्टीकरण किया गया। बता दें कि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर के बगल में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मी एवं पुलिस बल की पहचान कराई गई, जिसमें तीन पुलिस कांस्टेबल नंदन मंडल कांस्टेबल नंबर 822, रंजीत कुमार कांस्टेबल नंबर 1725 एवं बंटी कांस्टेबल नंबर 983 अनुपस्थित पाए गए। इनके द्वारा न तो वरीय पदाधिकारी को सूचना दी गई थी और ना ही अवकाश स्वीकृत कराया गया था। इसको निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही मानते हुए तीनों कांस्टेबल का तत्काल प्रभाव से वेतन बंद कर दिया गया एवं स्पष्टीकरण करते हुए निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। उधर लाइन डीएसपी चितरंजन ठाकुर के द्वारा जिला स्कूल में पंचायती राज विभाग के रखे गए ईवीएम एवं उसकी सुरक्षा में लगाए गए पुलिस बल की उपस्थिति की जांच की गई। यहां अजय यादव कांस्टेबल नंबर 456 भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इनका भी वेतन बंद करने एवं स्पष्टीकरण के साथ निलंबन के कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

# म वि कुरसंडी के शिक्षिका की सड़क दुर्घटना में मौत, पसरा मातम

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा)। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत निवासी प्रोफेसर ललन सिंह की पत्नी पुरैनी थाना क्षेत्र के कुरसंडी मध्य विद्यालय की शिक्षिका कविता सिंह की मौत सड़क दुर्घटना में हो गया वहीं बाइक चला रहे प्रोफेसर ललन सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि शिक्षक दंपति प्रोफेसर ललन सिंह एवं शिक्षिका कविता सिंह आलमनगर से मधेपुरा चुनाव के ट्रेनिंग में मोटरसाईकिल से जा रही थी इसी दौरान लदमा धार के समीप बजरंगबली मंदिर के पास खुरहान की ओर से एक बस आ रहा था जिस वजह से पुल पर जगह कम होने की वजह बस के चपैट में आ गया नीचे धार में गिर गया इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों दंपत्ति को बाहर निकल गया और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमनगर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा शिक्षिका कविता सिंह को मृत घोषित कर दिया गया वहीं रामखेलावन झड़ी लाल महाविद्यालय के प्रोफेसर ललन सिंह को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि रामखेलावन झरीलाल महाविद्यालय के प्रोफेसर ललन सिंह के धर्मपत्री कविता सिंह पुरैनी प्रखंड के मध्य विद्यालय में शिक्षक पद पर कार्यरत थी। प्रोफेसर ललन सिंह का पैतृक गांव ग्वालपाड़ा प्रखंड के शाहपुर है। वहीं सड़क दुर्घटना की खबर पूरे प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गया लोगों का भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इकट्ठा होने लगा वहीं घटना को लेकर परिवार जनों को सूचना दी गई सूचना मिलते ही परिवार जनों के कई सदस्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा आलमनगर थाना को भी सूचना दिया गया सूचना मिलने ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां शव को पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया में जुट गया।

# चिराग पार्टी में बड़ी टूट,दो पूर्व प्रत्याशी सहित कई ने दिया इस्तीफा

हाजीपुर ।लोजपा रामविलास की पार्टी को वैशाली जिले में जबरदस्त झटका लगा है। प्रदेश संगठन मंत्री इंजीनियर रविंद्र सिंह ,प्रदेश विस्तार प्रमुख अजय कुशवाहा सहित पार्टी के लगभग दो दर्जन पदाधिकारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है ।सभी ने संयुक्त रूप से त्यागपत्र देते हुए लोजपा रामविलास सुप्रीमो चिराग पासवान पर परिवारवाद करने और टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया है ।पार्टी में टूट के बाद इस्तीफा देने वाले सभी चिराग पासवान के साथ मजबूती के साथ खड़े थे ।

पिछले विधानसभा चुनाव में इंजीनियर रविंद्र सिंह को चिराग पासवान ने महनार सीट से चुनाव लड़वाया था और सर्वाधिक 32000 से अधिक वोट उन्हें मिले थे ।वही वैशाली विधानसभा सीट से अजय कुशवाहा लोजपा रामविलास के प्रत्याशी थे ।बताया जाता है की लोकसभा चुनाव में वैशाली लोकसभा सीट से इंजीनियर रविंद्र सिंह प्रबल दावेदार थे जबकि अजय कुशवाहा वैशाली या खगड़िया सीट से प्रत्याशी बनाए जाने के प्रति निश्चिंत थे ।

इंजीनियर रविंद्र सिंह ने कहा की चिराग पासवान द्वारा किसी भी कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और वे सभी हतप्रभ है ।वैशाली के वर्तमान सांसद वीणा देवी पार्टी तोड़ने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी करती रही ।लेकिन चिराग जी ने सभी कार्यकताओं को नजरअंदाज करते हुए बीना देवी को सह सम्मान टिकट दिया। उन्होंने बताया कि चार दिन पूर्व उन्होंने इस संबंध में पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान को अपनी चिंता से अवगत कराते हुए पत्र लिखा था लेकिन कोई जवाब ना आने पर उन लोगों द्वारा पार्टी छोड़ने का सामूहिक निर्णय लिया गया है।

# रामनवमी चैती छठ एवं ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

राजापाकड़। राजापाकर थाना परिसर में रामनवमी चैती दुर्गा पूजा छठ एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक में अधिकारियों ने मौजूद गण मान्य लोगों एवं पूजा समितियां से त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की। शांति समिति बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी गौरव कुमार तथा संचालन थाना अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने किया ।मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन सरपंच हरि मंगल राय समाज सेवी अर्जुन सिंह त्यागी बजरंग सिंह बाबर खान कांग्रेस महेंद्र गुप्ता वार्ड सदस्य सुरेश चौधरी उर्फ हजारी पैक्स अध्यक्ष हीरो राय संतोष कुमार समेत डीजे संचालक उपस्थित हुए ।अध्यक्षता कर रहे अंचल अधिकारी गौरव कुमार ने थाना व अंचल क्षेत्र में रामनवमी चैती दुर्गा पूजा छठ एवं ईद कहां–कहां मनाए जाते हैं का जायज लिया तथा लोगों से अपील किया कि कोई भी पर्व सौहार्द एवं भाईचारे का होता है ।इसलिए पर्व को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए ।वही गौसपुर बरियारपुर क्षेत्र में राम जानकी मठ परिसर में रामनवमी पर्व प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है ।इस अवसर पर यज्ञ एवं मेला का आयोजन होता है साथ ही भव्य जुलूस निकाला जाता है ।लोगों ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की है।

## भारत-बहिष्कार की सियासत

समूचे बांग्लादेश को याद रखना चाहिए कि यदि वह अस्तित्व में है, तो भारत की बदौलत है। 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति का युद्ध भारतीय सेना ने लड़ा था और पाकिस्तान के 90, 000 से अधिक फौजियों को आत्म-समर्पण के लिए विवश किया था। मुक्ति-संग्राम के दौरान शेख मुजीबुर्रहमान को भारत ने ही संरक्षण दिया था। जब बांग्लादेश बनने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीब और परिजनों के कत्ल किए गए थे, तब मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना को भी भारत ने ही शरण देकर उनकी जान बचाई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद बुनियादी, मानसिक और सैद्धांतिक रूप से भारतवादी हैं। वैसे भी ढाका और दिल्ली के सांस्कृतिक और कारोबारी रिश्ते ब्रिटिशकालीन हैं। चूंकि शेख हसीना एक बार फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी गई हैं, अवाम ने कट्टरपंथी, दहशतगर्द ताकतों को खारिज कर जनादेश दिया है कि उन्हें जेल में ही सडे दें, लिहाजा भारत पर तोहमतें चस्पा की जा रही हैं कि हसीना को चुनाव जिताने में भारत सरकार की दखल भूमिका रही है। यह सरासर गलत है। भारत ने तो तब भी बांग्लादेश की अंदरूनी सियासत में हस्तक्षेप नहीं किया था, जब वहां सैन्य वर्चस्व बढ़ रहा था। अब विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना का है, लेकिन अभियान बॉयकॉट इंडिया का छेड़ रखा है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार किया जाए, विपक्ष की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत के प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आह्वान कर रखा है।

यह घोर निंदनीय है। लगता है बीएनपी के नेता और काडर को इतिहास की जानकारी नहीं है और न ही उन्हें बांग्लादेश के अस्तित्व के लिए भारत के आर्थिक और सामरिक सहयोग का एहसास है। वैसे बीएनपी के भारत-बहिष्कार का मुंहतोड़ जवाब प्रधानमंत्री हसीना ने विपक्ष को दिया है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को कहा है कि वे अपनी पत्नियों की साडिां जलाएं। उनकी पत्नियों के पास कितनी साडिां हैं और उन्होंने अभी तक उन्हें आग के हवाले क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री हसीना ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी को चुनौती दी है, जब विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की भारतीय साडिां अपने पार्टी दफ्तर के सामने जलाएंगे, तब यह साबित होगा कि वे वाकई भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का गंभीर आरोप है कि जब बीएनपी सत्ता में थी, तो उनके नेता और पत्नियां भारत जाते थे। वहां से साडिां खरीद कर लाते थे और बांग्लादेश में लौट कर साडिां बेचा करते थे। अब बीएनपी नेताओं को भारतीय उत्पादों पर क्या कहना है? दरअसल भारत से गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक और लगभग सभी मसाले बांग्लादेश को भेजे जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का सवाल है कि क्या भारतीय मसाले बीएनपी नेताओं के घरों में नहीं दिखेंगे? अथवा बीएनपी नेता और उनके परिवार इन मसालों के बिना ही भोजन खाएंगे? भारत के ढेरों उत्पाद बांग्लादेश में आते हैं, किस-किस का बहिष्कार किया जाएगा? दरअसल यदि बांग्लादेश चाहे, तो भी भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार व्यावहारिक और सैद्धांतिक तौर पर भी अनुचित है। यह संकीर्ण अभियान बीएनपी के एक नेता की स्वार्थी राजनीति के तौर पर छेड़ा गया था, जिसने भारतीय, कश्मीरी शॉल कंधे से उतार फेंका था। हैशटैग इंडिया आउट और बॉयकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स के जुमलों की सियासत आखिर क्या है? उसे जनमत तो हासिल नहीं है और न ही व्यापक स्वीकृति मिली है। बेशक बांग्लादेश में भारतीय साडिां के प्रति स्वाभाविक लगाव है। प्रधानमंत्री हसीना को भी ये साडिां खूब पसंद हैं। क्या हसीना-विरोध के लिए बहिष्कार के मुद्दे पर अवाम को उकसाया जा रहा है? इसी तर्ज पर मालदीव चल रहा है। सवाल है कि क्या कोई देश बहिष्कार के आधार पर ही प्रगति

## बेटियों को भी मिले उचित सम्मान

रमेश सर्राफ धमोरा

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा।

# सवाल महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान का?

**परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया। जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था। राजनैतिक हल्कों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस राजनैतिक पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के सम्मान पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा करती हैं। ताजातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।**





**निर्मल रानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

भारत के राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक होते हैं। इस पद पर आसीन व्यक्ति भारतीय गणराज्य का प्रमुख भी होता है। कार्यपालिका का सर्वोच्च पद होने तथा तीनों सेनाओं के प्रमुख होने के नाते भी राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होता है। परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया। जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था। राजनैतिक हल्कों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस राजनैतिक पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के सम्मान पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा करती हैं।


ताजातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस समय लालकृष्ण आडवाणी को ह्यभारत रत्न सम्मान से नवाज रही थीं उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर लिये गये जो चार चित्र राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर पोस्ट किये गये उनमें से एक चित्र में साफ दिखाई दे रहा है कि जिस समय महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर ससम्मान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान कर रही हैं उस समय लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और उनके बगल की कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी भी बैठे हैं और ताली बजा रहे हैं। जबकि सामने की पंक्ति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित सभी लोग भी बैठे हुये हैं। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी के न खड़े हो पाने का कारण तो उनकी आयु व उनका खराब स्वास्थ्य माना जा सकता है परन्तु प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में न खड़ा होना आलोचकों के लिये चर्चा का विषय जरूर बना। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक आरोप लगाया कि यह सामान्य शिष्टाचार के खिलाफ तो है ही साथ ही जानबूझकर देश की आधी आबादी के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किये जाने वाली घटना है। इसके पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन किया था उस समय भी विपक्ष सहित अनेक संगठनों, राजनेताओं व बुद्धिजीवियों ने कहा था कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा ही कराया जाना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री द्वारा। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करना ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होता। इससे पूर्व जब नई संसद भवन का शिलान्यास समारोह हुआ था उसमें भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित नहीं किया गया था। नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाते हुये यहां तक कहा था कि ऐसा लग रहा है कि मोदी ने दलित और आदिवासी समुदायों से भारत के राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी कारणों से सुनिश्चित किया है। खड़गे ने यह भी कहा था कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय भाजपा-आरएसएस सरकार के तहत प्रतीकवाद तक सिमट गया है। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए।

ऐसी ही एक घटना 23 जुलाई 2022 की है जबकि संसद में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का विदाई समारोह आयोजित हो रहा था। उस विदाई समारोह में प्रथम पंक्ति में बैठे सभी विशिष्ट जनों का अभिवादन करते हुये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब प्रधानमंत्री मोदी के पास पहुंचे तो वे राष्ट्रपति की ओर देखने के बजाये उनकी अनदेखी करते हुये कैमरे की तरफ देखने लगे जबकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी की ओर असहज होकर देखते हुये आगे निकल गये। इसी तरह 18 मार्च 2018 की उस घटना में भी राष्ट्रपति कोविंद व उनकी पत्नी का अनादर होते साफ दिखाई दिया था जब वे भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर गए थे। महामहिम राष्ट्रपति जब प्रभु जगन्नाथ के विराजमान होने वाले रत्न सिंहासन पर माथा टेकने गए तो वहाँ उपस्थित मंदिर सेवकों ने उनके लिए रास्ता नहीं छोड़ा। आरोप यह भी था कि जब राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दर्शन कर रहे थे उस समय कुछ सेवादारों ने कथित रूप से दोनों को कोहनी भी मारी। कुछ सेवक/पंडे महामहिम राष्ट्रपति के शरीर से भी चिपक रहे थे। यहाँ तक कि महामहिम राष्ट्रपति की पत्नी, जो भारत की फर्स्ट लेडी हैं जानबूझकर कुछ पंडे उनके सामने भी आ गए थे। इस घटना को लेकर राष्ट्रपति भवन की ओर से असंतोष भी व्यक्त किया गया था। उस समय भी राष्ट्रपति व उनकी पत्नी से दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। उसी समय यह खबर भी आई थी कि राष्ट्रपति ने पुरी छोड़ने से पहले ही वहां के तत्कालीन ज़िलाधीश अरविंद अग्रवाल से इस घटना के बारे में अपना असंतोष भी जाहिर कर दिया था। परन्तु राष्ट्रपति व उनकी पत्नी के निरादर की बात करना, दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना या उस पर खेद जताना तो दूर उल्टे उनके जाने के कुछ ही देर बाद एक सेवायत ने मीडिया के सामने इस बात को लेकर शिकायत जरूर दर्ज कराई कि राष्ट्रपति की ओर से उन्हें एक रुपया भी दक्षिणा नहीं दी गयी। इस तरह की शर्मानक घटनायें निश्चित रूप से महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर सवाल जरूर खड़ा करती हैं। महामहिम राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति किसी भी धर्म जाति या लिंग का क्यों न हो, उसका सर्वोच्च सम्मान किया जाना चाहिये।

# पत्र-पत्रिका में भी परिवारवाद -एक विकृत-मनोवृत्ति

**लेख को संपादक द्वारा छुपाने के लिए तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए उसका जबाव देना चाहिए क्योंकि उसकी मेहनत को ध्यान में रख कर खुशी को बाँटना चाहिए कौन कब काम आएगा मालूम नहीं। जिनमें आप भी सम्लित होकर देश की समस्या लोगों के सामने रख सकते हैं लेकिन आज स्व रामधारी सिंह और स्व निराला जैसे कवि क्यों नहीं बन रहें हैं क्योंकि लेखन में उन्हें जगह नहीं मिलता और मंच पर आजकल ऐसा होता है आप बुलाएंगे तो हम भी बुलायेंगे और कविता या कवि कोई भी मंच पर चढ़ जाता है और बरसाती मेढकों की तरह टर्र टर्र करते नजर आते हैं जो किसी पद या पार्टी से सम्बंधित होते हैं आज चुनाव आ रहा है और पुन: ऐसे कवियों की बाढ़ आने वाली है यही हाल कुछ पत्रिका में भी है कलम की कीमत आप और हम को छुपाने के लिए तो बिल्कुल भी नहीं मिली। पहले जो कविता थी वो अटलजी को प्रधानमंत्री बना दी और देश की सुरक्षा के लिए ऐ कविता देशवासियों को एक जूनून मिला खासकर ऐ कविता : भारत का शीश झुका लोगे यह मत समझो- अटल बिहारी वाजपेयी की पड़ोसी देश को चेतावनी दी .कलम को हाथ में थामने वाले सभी कविगण हमारे ही नहीं समाज के लिए अति हैं।**





**संजय गोस्वामी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

आजकल पत्र-पत्रिका में भी परिवारवाद का समावेश हो रहा है जो समाज में एक बुराई और गलत मनोवृत्ति है लेखन सदा ही समाज में सार्थक बदलाव तथा वास्तविक उन्नति का केंद्र रहा हैं। अतः अपने आप को उड़ने का अवसर प्रदान करें। कौन जानता हैं कि कल को आप की मौलिक कविता, सायद आप के अपने कद से भी ऊँची उड़ान भर, समाज के कितने ही लोगों के लिए प्रेरणा का सबक बनें। लेख को संपादक द्वारा छुपाने के लिए तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए उसका जबाव देना चाहिए क्योंकि उसकी मेहनत को ध्यान में रख कर खुशी को बाँटना चाहिए कौन कब काम आएगा मालूम नहीं। जिनमें आप भी सम्लित होकर देश की समस्या लोगों के सामने रख सकते हैं लेकिन आज स्व रामधारी सिंह और स्व निराला जैसे कवि क्यों नहीं बन रहें हैं क्योंकि लेखन में उन्हें जगह नहीं मिलता और मंच पर आजकल ऐसा होता है आप बुलाएंगे तो हम भी बुलायेंगे और कविता या कवि कोई भी मंच पर चढ़ जाता है और बरसाती मेढकों की तरह टर्र टर्र करते नजर आते हैं जो किसी पद या पार्टी से सम्बंधित होते हैं आज चुनाव आ रहा है और पुनः ऐसे कवियों की बाढ़ आने वाली है यही हाल कुछ पत्रिका में भी है कलम की कीमत आप और हम को छुपाने के लिए तो बिल्कुल भी नहीं मिली। पहले जो कविता थी वो अटलजी को प्रधानमंत्री बना दी और देश की सुरक्षा के लिए ऐ कविता देशवासियों को एक जूनून मिला खासकर ऐ कविता : भारत का शीश झुका लोगे यह मत समझो- अटल बिहारी वाजपेयी की पड़ोसी देश को चेतावनी दी.कलम को हाथ में थामने वाले सभी कविगण हमारे ही नहीं समाज के लिए अति हैं। जिनमें ऐसी कविता हो जो वास्तविक हो और जनमानस में अपनी छाप छोड़ सके। जहाँ तक पत्रिकाओ का सवाल है हिंदी में कभी भी ऐसा नहीं करना चाहिए कि अच्छे लेख जो मेहनत से लिखें जाते हैं उन्हें किसी के दबाव में किसी अयोग्य लेखक का लेख बार बार छापते रहना एक उनकी मजबूरी हो जाती है और परिवार ना होते हुए आपसे उसका पारिवारिक रिश्ता हो जाता है और परिवारवादी है हैसियत उसकी जो ज्यादा समय टिक नहीं सकता है क्योंकि हर समय एक जैसा नहीं होता परिवर्तन संसार का नियम है आपका लेख यदि संपादक को पसंद आता है तो संपादक अपनी सहूलियत या लेखों की संख्या के हिसाब, या लेख के विषय के हिसाब से वो किसी अंक में सम्मिलित कर लेता है.आप किसी पत्रिका के मुख्य कार्यालय में जाकर संपादक से मिलकर अपने लेख का विषय बता सकते हैं अगर उसे पसंद आया तो आपसे लेख एक निश्चित फॉर्मेट में लिख के देने के लिए कहेगा, या हो सकता है आपसे किसी विषय पर लिखने को कहे और निश्चित समय पर देने के लिए कहे.

यही तरीका आप अपने लेख को किसी अखबार में छपवाने के लिए भी इश्तेमाल कर सकते हैं. अक्सर आपने दैनिक अखबारों में सम्पादकीय पन्ना होता है, या कोई विशेष दिन निकलने वाला शीर्षक में आप देख सकते हैं की ह्यअपने लेख उसके पते पर भेजे.लेकिन भेजते भेजते आप परेशान और वह छापता ही नहीं क्योंकि वो हमेशा अपने लोगों को घुमफिर कर आ जाता है ऐसे इसमें संपादक मंडल उससे वर्जित है क्योंकि संपादक का अधिकार होता है अपने हिसाब उसे सजाना और रोचक बनाना जो उचित भी है यदि लेख स्तरीय हो लेख छपने का एक और आसान तरीका अगर आप किसी संपादक को जानते हैं तो, उसे आप लिख कर दे दीजिये या ईमेल कर दें अगर उसे पसंद आता है तो उसे छाप सकता हैं लेकिन उसमें बड़े बड़े लेखक छोटे लेखक को अच्छा लेख भी पढ़ते ही नहीं उनका ज्ञान विज्ञान सब रद्दी की टोकरी में चली जाती है आजकल खासकर मानदेय देने वाली अधिकतर पत्रिका में सदियों से परिवारवाद चला आ रहा है जिसे ना तो कोई पाठक पढ़ना पसंद करता है नहीं वो खुद क्योंकि वो कभी अपने लड़के या पत्नी के नाम से और माल मिला बाई बाई, इससे अच्छे लेखक का नुकसान नहीं होता उसे ही नुकसान होता है क्योंकि उसे उसपर निर्भर रहना पड़ता है, अतः हमें अच्छे लेखक को भी जोड़ कर रखना चाहिए क्योंकि पत्रिका में भी संपादक हमेशा नहीं रहता और जब बदल दिए गए तो मोह में दुःख के सिवा कुछ भी हासिल नहीं होगा क्योंकि कहा गया है विद्वान हर जगह पूजनीय है जबकि राजा तो सिर्फ अपने राज में ही पूजनीय है, चलिए मिल कर एक नई उड़ान का सुभारंभ करें कि पत्रिका में किसी तरह का परिवारवाद नहीं होगा सबको मौका मिले मोदी जी का न्यारा सबका साथ, सबका विकास।

# राहुल गांधी की हिम्मत, विपक्ष की हिम्मत

शकील अख़्तर

यह कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह अपने सबसे विश्वसनीय, साहसी, अथकपरिश्रम करने वाले राहुल गांधी को वह साथ नहीं देती है जो उसे देना चाहिए। कांग्रेसियों को यह समझना चाहिए कि विपक्ष राहुल की विश्वसनीयता की वजह से ही एक गठबंधन में आने के लिए राजी हुआ। विपक्ष की एकता और राहुल की विश्वसनीयता इस चुनाव में सबसे बड़ी ताकत हैं। मोदी और हैटट्रिक के बीच बड़ी दीवार! यह चुनाव कांग्रेस हारे या जीते राहुल गांधी एक मजबूत नेता के तौर पर स्थापितहो गए हैं। अब यह सवाल खत्म हो गया कि राहुल राजनीति में रहेंगे या नहीं ?या उन्हें रहना चाहिए या नहीं? राहुल एक स्वाभाविक नेता की तरह पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हीं की मेहनत, हिम्मत, घुटने के असहनीय दर्द के बाद भी दो-दो भारतयात्राओं ने ही विपक्ष को जोड़ा। ममता बनर्जी जो बार बार छिटक रही थीं, बंगाल में कांग्रेस को सीट देने से इनकार कर दिया वे भी दिल्ली कीरामलीला मैदान की रैली में अपनी पार्टी के नेताओं को पहुंचाती हैं औरकहती हैं कि मैं इन्डिया गठबंधन के साथ हूं। यह सब किस की वजह से? राहुल के बन गए प्रभामंडल की वजह से! कोई माने या न माने आज की तारीख में राहुल भारतीय राजनीति के ऐसे चेहरे बन गए हैं जिनके इर्द गिर्द यह पूरा चुनाव होने वाला है। भाजपा ने हजारों करोड़ रूपया राहुल की छवि खराब करने के लिए ऐसे ही नहीं लगाया! उन्हें राजनीति की समझ है। आज भी प्रधानमंत्री मोदी अगर बार बारवंशवाद की बात करते हैं तो ऐसे ही नहीं करते। वे जानते है कि राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे विरोधी नेता हैं जिनकी वजह से कांग्रेस एक बनी हुई है और जो विपक्ष को भी खींच कर एकजुट कर सकते हैं। और भाजपा, मोदी का आकलन सही निकला भी। अब विपक्षी एकता बन गई है। कल तक किसी को यकीन नहीं था। आज भी विश्वास नहींहोता था। मगर यह सच है। और दिल्ली के रामलीला मैदान की मीटिंग के बाद लगताहै कि विपक्ष मोदी के सामने दीवार बनकर खड़ा हो गया। यह मजबूत दीवार राहुल ने ही बनाई है। और इसे भेदना इस बार नरेंद्र मोदी के लिएमुश्किल हो रहा है। इसलिए मोदी बार बार अपने मुद्दे बदल रहे हैं। उनकेपुराने हिन्दु मुसलमान और उग्र राष्ट्रवाद के मुद्दे इस बार बिल्कुल नहींचल रहे। इसलिए वे कभी भ्रष्टाचार और कभी पांच साल, दस साल बीस साल बादक्या करूंगा, जैसी हवा-हवाई बाते कर रहे हैं। जबकि जनता इस समय राहुल केरोजगार, मंहगाई और लोकतंत्र बचाओ के मुद्दों को सुन रही है। यह ऐसे ही नहीं हुआ। राहुल ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। बहुत आलोचनासही है। कई बार उन्हें बुरी तरह खारिज कर दिया गया। मगर जैसे आग में तपकर सोना कुंदन हो जाता है वैसे ही राहुल हो गए। बीस साल कम नहीं होते। उनकी हर तरह की परिक्षाएं ली गईं। और यह काम तोखुद कांग्रेसियों ने किया। राहुल का विरोध उनके रास्ते में बाधाएं खड़ीकरना उनके खिलाफ अफवाहें फैलाकर उनका चरित्रहनन करना जितना भाजपा और संघपरिवार ने किया उससे कम कांग्रेसियों ने नहीं किया। आखिर 2019 में राहुलको कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना ही पड़ा था! और उस पर भीकांग्रेसियों को चैन नहीं आया तो जी 23 के नाम से एक गिरोह बनाकर उन्हेंकांग्रेस से ही बाहर करने का षडयंत्र रचा था। भाजपा करे। मोदी जी करें तो समझ में आता है। उन्हें लगता है कि जब तकराहुल या गांधी नेहरू परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस में है कांग्रेस खतमनहीं होगी। लेकिन अगर गांधी नेहरू परिवार कांग्रेस से हट जाए या राजनीतिसे हट जाए तो कांग्रेस को वे गाजर मूली की तरह उखाड़ फेंकेंगे।

उनको यह लगना सही भी है। परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस में न रहने परकांग्रेस कितने टुकड़े हो जाएगी कहना मुश्किल है। और केवल कांग्रेस हीखत्म नहीं होगी विपक्ष की राजनीति भी छिन्न भिन्न हो जाएगी। देश में कोईदूसरा राष्ट्रीय दल नहीं होगा। राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी का अकेलासाम्राज्य होगा। और मोदी जी चक्रवर्ती सम्राट! लगता है कांग्रेस को इसमें ज्यादा आपत्ति नहीं होगी। विपक्ष के दूसरेदलों को भी नहीं उन्हें अपने विस्तार की संभावनाएं दिखाई देंगी। थोड़ीभाजपा नेताओं को होगी क्योंकि मोदी को कोई चुनौती न होने के बाद उनका अस्तित्व और कमजोर हो जाएगा। अभी वैसे ही भाजपा का कोई नेता अपना कोईसम्मान या महत्व नहीं रखता है। और जब मोदी जी के लिए कोई चुनौती ही नहींबचेगी तो फिर भाजपा नेता बिल्कुल ही महत्वहीन हो जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोस्वामी महासभा का चिंतन शिविर व सेमिनार 7 अप्रैल को फूचटी कला गांव में

रसूलपुर। सारण जिला गोस्वामी महासभा द्वारा 7 अप्रैल को आयोजित चिंतन -शिविर व सेमिनार की तैयारी को लेकर असहनी मठिया गांव में बैठक की गई। महासभा से जुड़े संजय गिरी ने बताया कि फूचटी कला गांव में माँ काली मंदिर परिसर होने वाले चिंतन शिविर सह सेमिनार में आर्थिक विकास के बावजूद गोस्वामी समाज का शैक्षणिक एवं सामाजिक पिछड़ापन विषय पर प्रो डॉक्टर यदुबीर भारती ( बौद्धिक मंच प्रवक्ता गोस्वामी सारण जिला महासभा ) का मुख्य व्याख्यान होगाअध्यक्षता जिला अध्यक्ष सारण महा सभा लालबाबू गिरी व मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रो धनलाल भारती करेंगे।

### नगरा सीओ ने सर्पदंश मामले में पीड़ित परिवार को दिया चार लाख रुपए का चेक

नगरा ।प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपए का चेक राशि सर्पदंश से मौत हो जाने के बाद प्रखंड क्षेत्र के कोरेया गांव निवासी के मृतिका कलावती देवी के पति त्रिलोकी सिंह को दिया.वहीं इस संबंध ने नगरा अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया की प्रखंड क्षेत्र के कोरेया गांव निवासी त्रिलोकी सिंह की पत्नी की सर्पदंश से इलाज के दौरान 2022 मौत हो गई थी.जिसके बाद पीड़ित परिवार के तरफ से मुआवजे के लिए आवेदन किया गया था,आवेदन के बाद जांच के बाद आपदा विभाग के तरफ से उनके पति को नगरा अंचल कार्यालय परिसर ने आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा चार लाख रुपये का चेक सौंपा गया है.

### अचानक झोपड़ी नुमा घर में आग लगने से जलकर राख

नगरा ।प्रखंड क्षेत्र की धूपनगर धोबवल पंचायत के छित्रौली गांव के वार्ड सदस्य के घर में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गई.आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका.हालांकि आग लगने की सूचना पर आस पास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया.वहीं ग्रह स्वामी शत्रोहन साह ने बताया की इस अगलगी की घटना में झोपड़ीनुमा व करकट नुमा घर मकान जलकर राख हो गया है ,मेरे घर में रखें अनाज,कपड़ा,राशन सामग्री,व कचरा प्रबंधन द्वारा आठ डब्बा के साथ कई घरेलू सामान जलकर राख हो गए. सबकी कीमत लगभग हजारों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का आकलन किया जा रहा है.वहीं सीओ अभिषेक कुमार ने कहा की कर्मचारी को भेजा गया है रिपोर्ट आने पर जांच कर उचित मुआवजा दी जायेगी.

### आग लगने से हजारों की संपत्ति हुई राख में तब्दील

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव स्थित दलित बस्ती में अचानक आग लग जाने से मनोज राम के झोपड़ी सहित चार झोंपड़ियां जल कर राख में तब्दील हो गयी. जिसमें अनाज, कपड़े, नगदी, बकरी, बेटी के शादी के लिए रखे गये गहने, कपड़े सहित हजारों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गयी. घटना की खबर सुनते ही घटना स्थल पर सीओ शम्मी कुमार तथा कलाम मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव मो. मिठू शाह पहुंच कर पीड़ित परिवार सहायता पहुंचाया तथा अन्य साहयोग के लिए संतावना दिया. इस मौके पर कलाम मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट के प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पू खान, जिला सचिव ई. कन्हैया, जिला अध्यक्ष शमशेर अली (रौशन) सदस्य राजा अली आदि मौजूद थे.

### मनुष्यता का पाठ पढ़ाती है राम कथाः अनूप शास्त्री

इसुआपुर। राम कथा सुनने तथा उसका अनुश्रवण करने से मनुष्य को सारे दुखों से मुक्ति मिलती है। वहीं मनुष्य के आचार, विचार, व्यवहार में भी परिवर्तन होता है। जिससे उसमें मनुष्यता आती है। उक्त सारगर्भित बातें मध्य व उच्च विद्यालय इसुआपुर के प्रांगण में चल रहे तुलसी जयंती के वार्षिक समारोह में चित्रकूट धाम से पधारे संत अनूप शास्त्री जी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्वयंवर से पहले कन्या सीता ने मां गौड़ा की पूजा की थी। जिसके फलस्वरूप सर्वगुण संपन्न मयार्दा पुरुषोत्तम राम उन्हें वर के रूप में मिले। वैसे ही कन्याएं अगर सच्चे मन से मां गौड़ा की पूजा करें तथा नियमित रूप से तुलसी में जल चढ़ावें तो उन्हें भी श्री राम जैसा वर प्राप्त होगा। धनुष यज्ञ तथा स्वयंवर में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि धनुष यज्ञ बल का तात्पर्य है। जबकि स्वयंवर खुद का वर चुनने का अधिकार है। वहीं सारण साध्वी सुश्री प्रियादर्शनी ने कहा कि श्री राम कथा मंगलकारी है। वहीं अमंगल का नाश करने वाली है। राम कथा रूपी गंगा में जो मनुष्य गोता लगता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है। आध्यात्मिक मंच का सचालन शिक्षाविद् पंडित त्रिभुवन चतुर्वेदी ने किया। वहीं आयोजन समिति के सदस्य अमरनाथ प्रसाद, महादेव प्रसाद,देवीलाल सिंह कुशवाहा, अशोक चौबे, वीरेंद्र चौबे व अन्य धर्मावलंबी समारोह के सफल संचालन में जोर-जोर से लगे हुए हैं।

# एबीवीपी ने जेपीएम कॉलेज के छात्राओं के लिए छात्रावास की उठाई मांग, प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय ।बुधवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद जयप्रकाश महिला कॉलेज के इकाई ने महिला छात्रावास निर्माण कराने को लेकर प्राचार्या को मांग पत्र दिया ।उपर्युक्त विषय के आलोक में कॉलेज अध्यक्ष नेहा दूबे ने कहा कि,जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए एक भी छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं है ,जबकि शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय और विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में उपस्थिति बढ़ाने के लिए 75% उपस्थिति अनिवार्य किया है, जिसका विद्यार्थी परिषद भी स्वागत करता है। रेगुलर क्लास करने में स्थानीय छात्राओं के लिए तो ज्यादा समस्या नहीं है ,परंतु दूर- दराज से आने वाली छात्राओं के लिए यह काफी विकट समस्या है। इस समस्या का समाधान करने के लिऐ छात्रावास का निर्माण जरूरी है ताकि छात्राओं को वर्ग संचालन में सुविधा हो ,और 75% उपस्थित को बढ़ाया जा सके इसके लिए कॉलेज प्रशासन सकारात्मक पहल करते हुए महाविद्यालय के भूमि जो बस स्टैंड के समीप वर्षो से खाली पड़ी है अथवा महाविद्यालय अपने अनुकूल छात्राओं के लिए एक छात्रावास का निर्माण करें जिससे छात्राओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े और साथ ही कैंपस में 75% उपस्थिति के साथ कैंपस में पठन-पाठन के माहौल को बढ़ाया जा सके। इस मौके पर नेहा दूबे,ईशा मिश्रा, मनु कुमारी,काजल कुमारी,अंशी राज शामिल थे।

# चमकी बुखार पर सीएचसी मशरक में बैठक आयोजित, गांवों में चलेगा जागरूकता

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक (सारण) मशरक सीएचसी में चमकी बुखार को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी डॉ संजय कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन, बीसीएम लवकुश कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही चमकी बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है इस बीमारी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूकता अभियान चलाने का दिशा-निर्देश जारी किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों में शरीर में ऐंठन, बुखार व शरीर के किसी अंग में चमकी दिखे तो उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से बताया कि चमकी बुखार के प्रति जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान देना है बच्चों को चमकी बुखार के लिए माता-पिता को बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना चाहिए और समय समय पर स्वस्थ बच्चों को मौसमी फल,ओआरएस का घोल, नींबू पानी देते रहना चाहिए। साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। छोटे बच्चों को मां का दूध देना जरुरी है। चमकी (मस्तिष्क) बुखार के लक्षण दिखाई देने पर बच्चों के माता-पिता को तत्काल जांच व जांच के बाद आवश्यक उपचार करवाना चाहिए।

# अगलगी मे दो परिवारों का मकान सहित सभी समग्री राख

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर । बनियापुर कराह मुशहर टोली मे तेज पछुआ मे अचानक हुई आग लगी मे दो दलित परिवार का मकान जल कर राख हो गया है,ग्रामीणों ने बताया कि यह अचानक आगलगी इतनी भयावह थी,कि हर आदमी अपने को बचते बचाते बचाव के लिए काफी प्रयत्न किया गया जो विफल साबित हुआ। घटना के संबंध मे बताया गया है कि मुसहर टोली वार्ड संख्या 2 मे अचानक भयंकर आगलगी हुई की राबडी देवी पति अरुण रावत तथा पछमीना देवी अर्जुन रावत का मकान जलकर कर राख हो गया तथा उसमे रखे कपड़ा विस्तर अनाज कुछ नगद सहित हजारों की सम्पति जलकर राख हो गयी है ।घटना के संबंध मे कराह पंचायत के मुखिया ने बताया कि पीड़ित गरीब लोग है,स्थानीय स्तर से मदद की जाएगी ,प्रखंड प्रशासन को भी सूचित किया गया है।

# मानव जीवन को सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद महत्वपूर्ण कड़ी : डॉ गगन कुमार झा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आयुर्वेद जड़ी बूटियों के सेवन की ओर लोगो का झुकाव अधिक देखने को अब मिल रहा है आयुर्वेद की दवाएं कोरोना काल से और भी लोगो के बीच ज्यादा प्रचलन में आ चुका है अब हर बीमारी का इलाज आयुर्वेद से संभव है। छपरा शहर में हनुमान आयुर्वेद भंडार का भव्य उद्घाटन डॉ .गगन कुमार झा ने किया। शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शहर के सलेमपुर स्थित हनुमान आयुर्वेद भंडार का हुआ विधिवत उद्घाटन जहां अब आयुर्वेद की सभी दवाएं जड़ी बूटी यहां सस्ते दामो में उपलब्ध होगी। आयुर्वेद की ओर लोगो का बढ़ते विश्वास को लेकर जहाँ एक ही जगह सारी दवाएं एवम जड़ी बूटी उपलब्ध हो जाये इसलिए हनुमान आयुर्वेद भंडार का विधिवत उद्घाटन किया गया जिससे आम लोगो मे काफी खुशी देखी जा रही है। वही इस आयुर्वेद भंडार के निदेशक धर्मनाथ मिश्रा ने बताया कि ऐसे प्रतिष्ठान से अब लोगो को एक ही जगह लगभग सारी आयुर्वेद की दवाएं मिल जाएगा।

### पूर्व डाक बाबू की प्रतिमा की गई अनावरण

दरियापुर। दरियापुर प्रखंड के पोझी गांव में संत श्रीधर दास जी महाराज द्वारा पूर्व डाक बाबू परमा राय के 81 वीं जयंती पर प्रतिमा का अनावरण की गई। पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय, पूर्व पीपी धर्मनाथ राय , प्राचार्य रामकिशोर यादव, राजनाथ राय, सूबेदार देव रतन राय, पूर्व मुखिया राम अयोध्या राय, शिक्षण वीरेंद्र राय रविंद्र राय शिक्षक विजय शंकर प्रसाद शिक्षिका संगीता कुमारी, संत मुरारी स्वामी आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। संत श्रीधर बाबा ने कहा कि जो व्यक्ति संसार के लिए कुछ करके जाता है मरने के बाद भी उसे याद किया जाता है। उसके कर्म जीवित रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहा है पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि धरती के असली देवता माता-पिता ही हैं।

# 88 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर बनियापुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी पिरौटा खास का चंदन कुमार सिंह बताया जाता है। पुलिस ने कारोबारी के पास से 88 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि गुप्त रूप से शराब बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना की सत्यापन के लिए पुलिस मौके पर पहुंची थी। तभी कारोबारी पुलिस को देख भागने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ा गया। वहीं कारोबारी के बताए ठिकाने से शराब को जब्त कर लिया गया।

# मशरक बहरौली में पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट में चार जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली कुंवर टोला गांव में पूर्व के विवाद को सुलझाने की बैठक में हुए मारपीट में चार लोग जख्मी हो गए । जिनकी चिकित्सा मशरक सीएचसी में कराई गई। जख्मी रिशु कुमार पिता अनिल साह एवम प्रिंस कुमार पिता संजय साह ने मशरक पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि विवाद सुलझाने के लिए बुलाए गए बैठक में पहुंचने पर गांव के छोटू सिंह उर्फ अर्णव सिंह एवम उनके पिता दशरथ कुंवर सहित अन्य ने विकेट एवम डंडे से मारपीट करने लगे। बचाव करने पहुंचे निखिल कुमार एवम दीपक सिंह को भी जख्मी कर दिए । शोर शराब होने पर गांव के लोग इकट्ठा हुए तब सभी भाग निकले।

# मशरक में स्विफ्ट कार ने बाइक में मारा ठोकर, घायल सीएचसी में भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक (सारण) मशरक सिवान-शीतलपुर एसएच 73 पर मशरक थाना क्षेत्र के मुन्नी मोड़ पर बाइक सवार युवक को स्विफ्ट कार ने ठोकर मार दी और फरार हो गया । वही बाइक सवार तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव निवासी 19 वर्षीय सुजीत कुमार घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल गांव से मशरक बाजार करने आ रहा था। वहीं स्विफ्ट कार सिवान से पटना की तरफ जा रहा था।

# रोड शो में पॉकेट मारो ने बनाया पत्रकार, मुखिया व अन्य लोगों को निशाना

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को छपरा संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी डॉक्टर रोहिणी आचार्य के रोड शो में पॉकेट मारो ने पत्रकार, मुखिया एवं अन्य को अपना निशाना बनाया.प्राप्त जानकारी अनुसार खैरा के कृष्णा चौक से लेकर के पटेढा तक रोड शो में हर जगह भीड़ थी खास करके कृष्णा चौक, फूटानी मोर एवं पटेढा गढ़ देवी स्थान के पास और इसी बीच पटेढा गढ़ देवी स्थान के पास से पत्रकार अयूब रजा के पॉकेट से 1500 सौ रुपए ,तुजारपुर मुखिया अमित कुमार के पॉकेट से 12 हजार रुपए ,एक अन्य व्यक्ति के पॉकेट से 22000 ,कोरेया पंचायत के मुखिया ललित प्रसाद यादव का 1900 सौ रुपए तथा एक अन्य व्यक्ति का पचास हजार रुपए भीड़ भाड़ का मौका का फायदा उठाकर रुपए आसानी से पॉकेट से पॉकेट मारकर चलते बने.वही ये सब घटना की जानकारी मिलते ही रोड में शो ने सभी सतर्क हो गए.तब तक पॉकेट मारो द्वारा लाखो रुपए पर हाथ साफ कर निकल लिए।

### खैरा पुलिस ने पांच शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के तकिया गांव से खैरा पुलिस ने पांच शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उक्त पांचों शराबी छोटा तकिया गांव निवासी संजीवन मांझी उर्फ बुलाई मांझी , प्रभु राय,प्रेम राय ,सुरेंद्र राय ,धीरज राय शामिल है.वहीं इस संबंध में खैरा अपार थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की उक्त सभी शराबी एक ही गांव के निवासी है सभी शराब के नशे में थे.शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है.

# बालू लदे ट्रक ने अपाची बाइक में मारा टक्कर 2 घायल, पीएमसीएच रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के महावीर चौक और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटना में दो महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। महावीर चौक पर बालू लदे ट्रक ने पल्सर बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें चरिहारा गांव निवासी केशव सिंह की 50 वर्षीय पत्नी रानी देवी घायल हो गई। जो बेटे के साथ बाजार करने आई थी, और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बनियापुर थाना क्षेत्र के खाकी मठिया गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी जूली कुमारी घायल हो गई। जो अपने नईहर गंगौली गांव आ रही थी। घायल दोनों महिला का चिकित्सक डॉ



राकेश रंजन ने प्राथमिक उपचार कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।


### विभिन्न कांडो के कुल 70 अपराधी हुए गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत कुल 70 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में आर्म्स एक्ट के एक अपराधी, हत्या प्रयास के 10, अन्य विशेष कांड के पांच, खनन के चार, उत्पाद कांड के 33 तथा फरार वारंटी 16 शामिल है। इसके अलावा 189 लीटर देसी शराब, 134.61 लीटर विदेशी शराब, एक मोटरसाईकिल, दो ट्रक तथा एक ट्रैक्टर भी बरामद हुआ है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन चेकिंग में 162000 रुपए जुमार्ना स्वरूप राशि वसूल गया है। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने दी।

# माँझी रेलपुल के समीप सरयू में दिखा घडियाल, ग्रामीणों में दहशत

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी रेलपुल के समीप स्थित बैरिया घाट पर सरयु नदी में एक बड़ा सा घड़ियाल के तैरते हुए देखे जाने के बाद नदी में स्नान करने वाले लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे नदी में स्नान करने पहुँचे लोगों ने नदी के बीचोबीच घड़ियाल को तैरते हुए देखा। पास में मौजूद कुछ युवकों ने नदी की धारा के विपरीत तैरते घड़ियाल का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घड़ियाल के नदी में विचरण लोगों ने जब शोर मचाया तो नदी में नहा रहे लोग भागकर बाहर आ गए। हालाँकि कुछ ही देर बाद कुछ दूर आगे बढ़कर घड़ियाल आंख से ओझल हो गया। नदी में तैर रहा घड़ियाल की लंबाई पन्द्रह से बीस फुट बताई जा रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। घड़ियाल दिखाई देने के बाद नदी में स्नान करने वाले लोगों के साथ साथ मछुआरों के बीच डर एवम दहशत का माहौल है। स्थानीय प्रशासन ने भी लोगों को घड़ियाल से सावधान रहने की हिदायत दी है।

### पांच लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के महम्माद पट्टी से खैरा पुलिस ने पांच लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार धंधेबाज देव बहुआरा गांव निवासी सुरेश नट बताया जाता है.वहीं इस संबंध ने अपर थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करवाई की गई है.गिरफ्तार धंधेबाज के पास से पांच लीटर शराब बरामद किया गया है तथा धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है.

# झोंपड़ीनुमा दो घरों में लगी आग में हजारों रुपये का सामान जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी थाना क्षेत्र के बहोरन सिंह के टोला गाँव में बुधवार को झोंपड़ीनुमा दो घरों में लगी आग में हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आगलगी की उक्त घटना में तीन बकरियां भी झुलस गई जिनका उपचार चल रहा है। उक्त घटना में संतोष चौहान, सुनील चौहान तथा जगमोहन चौहान,का हजारों का सामान जल गया है। आगलगी की सूचना पाकर पहुँचे ग्रामीणों तथा उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने नल जल के सहारे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आगलगी में अनाज बर्तन चौकी खटिया तथा जलावन आदि जलकर खाक हो गया। बाद में सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे अग्निशमन वाहन ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। उधर प्रखण्ड के गढ़वा टोला।

### 16 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधे बाजों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर दो शराब धंधे बाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ती कि पहचान थाना क्षेत्र के ऐकडीपुर गांव निवासी मदन केशरी के पास से देशी दो लिटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वही गंज गांव से रंजिशन चौधरी के पास से 12 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# समिति सदस्यों के साथ डीडीसी ने की बैठक, दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी के द्वारा आज 19-महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 115 - बनियापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु सुगम एवं समावेशी निर्वाचन के तहत ढ६ऊ(Personwith Disability)के लिए गठित Assembly Constituency Committee on Accessible Election(ACCAE) समिति के बैठक की अध्यक्षता की गयी। बैठक में कई निदेश दिये गये जिनमे सभी मतदान केन्द्रों पर AMF की शत-प्रतिशत सुविधा उपलब्ध तथा PwDs निर्वाचकों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में PwDs निर्वाचकों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित किया जायेगा। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुवधिा 85 वर्ष अथवा उससे अधिक के आयु वर्ग के वरिष्ठ निर्वाचकों को दिया जायेगा। इसकी सूचना के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निदेशित किया गया। सभी मतदान केन्द्रों पर जीविका दीदी, प्रखण्ड संसाधन केन्द्र के कर्मी, विकास मित्र, ठउउ, ठरर ,स्काउट एवं गाइड के वालंटियर,आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता तथा गैर राजनीतिक संगठन के स्वयंसेवकों के सहयोग से व्हील चेयर का प्रयोग कर ढ६ऊ२ निर्वाचको को सहज मतदान की सुविधा प्रदान कराने का निदेश दिया गया। दिव्यांगजन निर्वाचकों के मतदान केन्द्रों पर सुगम एवं सरल पहुँच हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर फोल्डेबल व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया गया है।

दिव्यांगजन निर्वाचकों के मतदान केन्द्रों पर सुगम पहुँच की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निदेश। सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प की उपलब्धता की समीक्षा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से कर लें और जिन मतदान केन्द्रों पर रैम्प उपलब्ध नहीं है, वहाँ संबंधित विभाग के समन्वय से मानकों के अनुरूप रैम्प का निर्माण करना सुनिश्चित करायेंगे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।बुधवार को सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें विनोद कुमार यादव, अध्यक्ष, सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ,एवं प्रकाश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, तथा दीपक कुमार , जिला कार्यकारिणी सदस्य शामिल थे. । जिला शिक्षा पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह से मिलकर सारण जिले में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों/नव स्थापित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राधिकृत करने के संबंध में.संजय कुमार. संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग, पटना के अधिसूचना संख्या...884,, दिनांक 10.05.2023 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा. विनोद कुमार यादव अध्यक्ष एवं प्रकाश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की...कि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दर्जनों की संख्या में योग्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक पदस्थापित है तथा इन्हीं शिक्षकों द्वारा उक्त विद्यालयों के शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन भी किया जा रहा है ,बावजूद इसके उक्त विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के रूप में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षक के होने से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को सामंजस्य स्थापित करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. जिसका प्रतिकूल प्रभाव विद्यालय के शैक्षणिक माहौल एवं विकास कार्यो पर पड़ रहा है. विनोद कुमार यादव, अध्यक्ष, सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने कहा कि दर्जनों की संख्या में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के पदस्थापित होने के बाद भी, प्राथमिक/मध्य विद्यालय के शिक्षक द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय का संचालन किया जाना हास्यास्पद लगता है. जिसके कारण उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं. जबकि विभागीय पत्र में स्पष्ट रूप से निर्देश है कि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ग 1-8 तक एवं वर्ग 9 -12 तक दो अलग अलग शैक्षणिक एवं प्रशासनिक इकाई है।



# अली अब्बास जफर ने गिनवाईं सलमान खान की खूबियां



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत फिल्म बड़े मियां छोटे मियां इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। इससे पहले वह सलमान खान के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में दे चुके हैं। हाल ही में अली ने बॉलीवुड के दबंग के साथ अपने तालमेल को लेकर बात की। अली अब्बास जफर का कहना है कि सलमान खान की शख्सियत इतनी बड़ी है कि लोग बतौर एक्टर उनके बारे में बातें नहीं करते हैं। एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान, अली अब्बास जफर ने कहा, सलमान खान मेरे लिए एक भाई की तरह हैं। सलमान और कैटरीना दोनों ही बहुत करीब हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि आज मैंने बतौर निर्माता जो कुछ भी कमाया है, मेरे करियर की सफलता में उन दोनों का बहुत बड़ा योगदान है। मैं सलमान को बहुत मानता हूं। मुझे लगता है कि वो बहुत उम्दा कलाकार हैं। उनकी शख्सियत ही इतनी बड़ी है कि लोग उनके बारे में एक कलाकार के रूप में बात नहीं करते। सलमान खूबसूरत हैं और उनका मास कनेक्शन जबर्दस्त है। अली ने आगे कहा, जब उन्होंने बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर देखने के बाद ट्वीट किया तो मुझे बहुत खुशी हुई और आश्चर्य हुआ, क्योंकि उन्होंने ट्रेलर देखा और फिर मुझे फोन किया। उन्होंने कहा, आपका ट्रेलर अच्छा है। मुझे क्या करना चाहिए? इसके बाद मैंने उनसे कहा, आप जो चाहते हो करो। तो उन्होंने कहा, मुझे ट्वीट करना चाहिए? मैंने कहा, प्लीज ट्वीट करिए। फिर सलमान ने ट्वीट कर जो लिखा, वह बहुत प्यारा था। हकीकत में यह उनकी उदारता है। अली ने कहा, हमारी इंडस्ट्री जिसमें हमेशा साथ वालों से प्रतिस्पर्धा रहती है, उसमें सलमान खान जैसा इंसान अपनी पूरी ताकत से हमें प्रोत्साहित करता है। यह बात उन्हें बखूबी पता है कि ईद उनका पर्याय है। इस बीच उन्होंने इतना सपोर्ट किया, यह देखकर बहुत अच्छा लगा। सलमान खान के साथ दोबारा काम करने को लेकर अली ने कहा, इंशाअल्लाह! बहुत जल्द ऐसा होगा।



# सिटाडेल- हनी बन्नी और द फैमिली मैन में अलग तरह का एक्शन है

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज सिटाडेल-हनी बन्नी और द फैमिली मैन को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने द फैमिली मैन में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने द फैमिली मैन में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं सिटाडेल में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।

# साक्षी धोनी के कजिन को डेट कर रहीं कृति सेनन!



एक्ट्रेस कृति सेनन को लेकर चर्चा है कि वो इन दिनों यूके बेस्ड कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में होली सेलिब्रेशन के कुछ फोटोज शेयर किए जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा है कि वो कबीर के साथ रिलेशनशिप में हैं। इससे पहले कृति की लंदन ट्रिप से भी फोटो वायरल हुई थी जिसमें वो एक मिस्ट्री मैन का हाथ थामे नजर आई थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि वो शख्स कबीर ही थे। कबीर यूके बेस्ड मिलेनियर कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं। कुलजिंदर यूके बेस्ड ट्रैवल एजेंसी साउथहॉल ट्रैवल के फाउंडर हैं। कबीर क्रिकेटर एमएस धोनी के फैमिली मेंबर हैं। वो धोनी की वाइफ साक्षी के कजिन हैं। कबीर खुद स्कूल लेवल क्रिकेटर रहे हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर क्रिकेटर्स के साथ फोटोज शेयर करते हैं। इससे पहले भी कृति और कबीर साथ में कई पार्टीज में नजर आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कृति की बहन नुपुर सेनन ने ही एक्ट्रेस को कबीर से इंट्रोड्यूस करवाया था।



# अनीस बज्मी का बोनी- अनिल कपूर के झगड़े पर रिएक्शन

नो एंट्री के सीक्वल की जब से प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने घोषणा की है, अनिल कपूर के साथ उनके रिश्ते को लेकर इंडस्ट्री में तरह-तरह की बातें हो रही है। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर अनीस बज्मी ने फिल्म नो एंट्री 2, बोनी कपूर और अनिल कपूर के बीच लड़ाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी। अनीस बज्मी ने कहा, दोनों भाई है कल एक दूसरे से मिलेंगे और एक दूसरे को गले लगाएंगे। बोनी कपूर और अनिल कपूर के बीच दरार की खबरें तब आईं, जब बोनी कपूर ने फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर के साथ नो एंट्री 2 की पुष्टि की। बोनी कपूर ने कहा, अनिल कपूर के साथ अब मेरा कोई संबंध नहीं रहा।

## दरार वाली खबर सुनकर हैरान हूं

डायरेक्टर अनीस बज्मी ने बोनी कपूर और अनिल कपूर के बीच दरार की खबरों पर कहा, बोनी कपूर और अनिल कपूर के बीच खटास भरे संबंधों के बारे में सुनकर हैरान हूं। इस विषय में अभी तक बोनी कपूर से बात नहीं कर पाया क्योंकि मैं भूल भुलैया 3 की शूटिंग में व्यस्त था। अनीस बज्मी और अनिल कपूर एक साथ नो एंट्री के अलावा वेलकम और पागलपंती जैसी फिल्में साथ में कर चुके हैं। अनीस बज्मी ने कहा, अगर अनिल कपूर नो एंट्री 2 में नहीं होंगे तो स्वाभाविक रूप से उन्हें बुरा लगेगा। लेकिन इस फिल्म में अनिल कपूर के न होने के बोनी जी के पास भी अपने कारण रहे होंगे। वे दोनों भाई है कल दोनों एक दूसरे से मिलेंगे और एक दूसरे को गले लगाएंगे। वे दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। साल 2005 में फिल्म रिलीज नो एंट्री में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, बिपाशा बसु, ईशा देओल, लारा दत्ता, सेलिना जेटली और बोमन ईरानी जैसे कलाकारों की मुख्य भूमिकाएं थी। नो एंट्री 2 में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ के नाम की पुष्टि हो चुकी है। बताया जाता है कि इस फिल्म में दोनों की डबल भूमिकाएं होगी। चर्चा है कि इस फिल्म के लिए 10 अभिनेत्रियों का चयन किया जाएगा।



# अहान शेट्टी ने अपनी अपकमिंग फिल्म सनकी के लिए बाली में ली ट्रेनिंग

एक्टर अहान शेट्टी ने अपकमिंग प्रोजेक्ट सनकी के लिए बाली में ट्रेनिंग ली। एक्टर ने कहा कि उन्हें खूबसूरत जगहों पर जाने से मोटिवेशन मिलता है। एक सूत्र ने कहा, बाली में अहान को फिटनेस लक्ष्य पूरा करने के लिए मदद की गई। उन्होंने आगे बताया, उनके फिटनेस लक्ष्य के अनुरूप उनका कार्यक्रम बनाया गया। जिससे उन्हें अपने प्रोजेक्ट के लिए मदद मिली। अहान ने दिन में दो बार ट्रेनिंग की और अपना सख्त डाइट प्लान भी बनाए रखा। प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य लाभ के लिए उन्होंने आइस बाथ लिया। तैयारी के बारे में बात करते हुए अहान ने कहा, बाली में कुछ बेहतरीन प्रशिक्षण सुविधाएं हैं, इसलिए यह सनकी के लिए एक सपने के मैदान जैसा था। साजिद नाडियाडवाला की सनकी में पूजा हेगड़े भी हैं।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं पूजा हेगड़े

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को हाल ही अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे रोहन मेहरा के साथ कार में घूमते हुए देखा गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूजा और रोहन को मुंबई के बांद्रा में एक जगह से बाहर निकलते हुए भी देखा गया। फैंस का मानना है कि दोनों डेटिंग कर रहे हैं। पूजा डेनिम जैकेट के साथ पिंक टॉप और डेनिम पैंट में सुंदर लग रही थीं। उन्होंने खुले बाल और हल्का मेकअप अपनाकर लुक को मिनिमल रखा था। रोहन ने नीली पैंट और ब्लैक कैप के साथ ब्लैक टी-शर्ट पहनी थी। रोहन के करिअर पर नजर डाले तों वह पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए फिल्मों की ओर रुख कर चुके हैं। उन्होंने फिल्म बाजार से डेब्यू किया था, जो साल 2018 में रिलीज हुई थी। रोहन ने मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म बाजीराव मस्तानी में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया और कई अन्य परियोजनाओं का हिस्सा रहे, जिसमें एक फिल्म 420 आईपीसी और एक टेलीविजन सीरीज कला शामिल है। अब वे अदभुत फिल्म में दिखेंगे।

# ध्यान और योग से अपने तनाव को कम करती हैं शुभांगी अत्रे



भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार के लिए मशहूर एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने विश्व स्वास्थ्य दिवस से पहले स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। एक्ट्रेस ने कहा, तनाव मुक्त जीवनशैली बनाए रखना मेरे मुख्य फिटनेस सिद्धांतों में से एक है। आज की तेज रफ़्तार दुनिया में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में तनाव का प्रमुख योगदान है। मुझे अच्छी तरह याद है कि कैसे अत्यधिक तनाव ने मेरे काम में बाधा डाली, जिसका मेरे दिमाग और शरीर पर भारी असर पड़ा। शुभांगी ने कहा, मैंने ध्यान और योग के माध्यम से अपने इस बोझ को कम करने का तरीका खोजा है। इसके अलावा मेरे वर्कआउट रूटीन ने भी इसमें मेरा बड़ा सहयोग किया। हमें अपने स्वास्थ्य को एक अनमोल उपहार समझकर इस पर ध्यान देना चहिए। एक्ट्रेस ने युवा पीढ़ी से अपने दैनिक जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए समय निकालने को कहा है। भाभीजी घर पर हैं एंड टीवी पर प्रसारित होता है।



# आश्रम के चंदन रॉय सान्याल को है रवीना टंडन पर क्रश



आश्रम फेम एक्टर चंदन रॉय सान्याल हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'पटना शुक्ला' में रवीना टंडन के साथ नजर आए हैं। इसी बीच उन्होंने खास बातचीत के दौरान अपने फिल्मी करियर और इंडस्ट्री के बारे में बात की। उन्होंने कहा- फिल्म पटना शुक्ला में मेरा रोल मेरे अब तक के किरदारों से काफी अलग रहा है। उन्होंने पहली बार वकील (नीलकंठ) का किरदार निभाया है। चंदन बताते हैं कि रवीना टंडन पर उन्हें बचपन से ही क्रश रहा है। उनका मानना है कि एक दौर था, जब वो नेशनल क्रश थीं। उन्होंने कहा- रवीना के साथ काम करना बहुत ही बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा। उनके साथ कोर्ट में खड़े होकर बहस करना, मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैंने इस जर्नी को बहुत एंजॉय किया।

चंदन अपने ड्रीम रोल के बारे में बात करते हुए बताते हैं कि वो फिल्म सागर में कमल हासन के किरदार जैसा रोल प्ले करना चाहते हैं। कमल हासन उनके फेवरेट एक्टर हैं। 'पटना शुक्ला' में रवीना और चंदन कोर्ट में आमने-सामने खड़े दिखाई दिए हैं। रवीना सच्चाई का साथ देती नजर आई हैं, तो वहीं चंदन निगेटिव रोल में दिखाई दिए हैं।

## बॉबी देओल बहुत शर्मीले और विनम्र इंसान हैं



चंदन ने वेब सीरीज आश्रम की शूटिंग के दौरान बॉबी देओल के साथ काफी वक्त बिताया था। उन्होंने कहा कि मैंने बॉबी देओल से काफी कुछ सीखा है। चंदन बताते हैं कि बॉबी बहुत ही विनम्र और शर्मीले स्वभाव के व्यक्ति हैं। बॉबी की ये आदत चंदन को बेहद पसंद है। वो सभी से बहुत प्यार से मिलते हैं। लोगों को एक बराबर ट्रीट करते हैं। एक्टर ने बॉबी के साथ पहली मुलाकात के बारे में बताया। वो बॉबी के साथ काम करने को लेकर बहुत एक्साइटेड थे। उन्होंने कहा- मुझे ये पता था कि मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करना है, लेकिन शूटिंग के कई दिनों बाद उनसे मुलाकात हो पाई थी। चंदन बताते हैं कि एक दिन अस्पताल के सीन के दौरान मैं उनसे पहली बार मिला था। इतने बड़े एक्टर होने के बावजूद उन्होंने खुद मुझसे कहा- चंदन, हम लोग थोड़ा बैठकर स्टोरी पर बात करते हैं। एक्टर ने कहा कि उस दिन के बाद हमारे बीच कमाल की बॉन्डिंग बन गई।

## कमल हासन मेरे फेवरेट एक्टर हैं



चंदन ने अपने ड्रीम रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कमल हासन की फिल्म सागर उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में कमल हासन ने जो किरदार निभाया है, चंदन उस तरह का किरदार निभाना चाहते हैं। इस फिल्म में कमल के अलावा श्रषि कपूर और डिंपल कपाड़िया भी बतौर एक्टर दिखाई दिए थे। चंदन ने 17 साल की उम्र में ये तय कर लिया था कि उन्हें एक्टर बनना है। उन्हें स्टेज पर परफॉर्म करने में मजा आने लगा था। उन्होंने दिल्ली में थिएटर जॉइन किया। कुछ साल थिएटर करने के बाद वो मुंबई के लिए रवाना हुए। चंदन कहते हैं कि उन्होंने एक्टिंग कभी भी पैसों के लिए नहीं किया। वो एक्टिंग को एंजॉय करते हैं। पटना शुक्ला में रवीना टंडन, चंदन रॉय, सतीश कौशिक के अलावा राजू खेर, मानव विज, अनुष्का कौशिक और जतिन गोस्वामी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के दौरान चंदन की दोस्ती सभी से थी, लेकिन मानव विज और चंदन में गहरी दोस्ती हो गई।




## संक्षिप्त समाचार

### एयरटेल ने रीवा और सतना जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने के लिए अपने नेटवर्क का किया विस्तार

**रीवा एजेंसी।।** भारत के अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसने अपने नेटवर्क को सघन करने के लिए रीवा और सतना जिले में नई साइटें स्थापित की हैं। रीवा और सतना जिले के 4024 गांवों में 40.5 लाख ग्रामीण आबादी को बेहतर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से लाभान्वित करने के लिए नेटवर्क वृद्धि परियोजना की गई है। इस परियोजना के तहत, हनुमना, रायपुर कर्चुलियान, मऊगंज, हुजूर, गुढ़, सिरमौर, त्योंथर, रामपुर बाघेलान, रामनगर, मैहर, अमरपटन, ऊँचेहरा, नागौड और रघुराजनगर तहसीलों में मोबाइल टावरों की संख्या बढ़ाई गई है और मौजूदा टावरों को अपग्रेड किया गया है, जिससे इन इलाकों के ग्राहक लाभान्वित होंगे और उन्हें निर्बाध हाई स्पीड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। यह विस्तार ग्रामीण रीवा और सतना में काम, अध्ययन और मनोरंजन के लिए विश्वसनीय मोबाइल नेटवर्क सुनिश्चित करेगी।इस वर्ष एयरटेल ने राज्य में अतिरिक्त निवेश कर अपनी 4जी, 5जी, ब्रॉडबैंड और फाइबर पर ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए अपने नेटवर्क कनेक्टिविटी पर प्रतिबद्धता को दर्शाया है। एयरटेल ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए, पूरे मध्य प्रदेश में अपनी कवरेज का विस्तार कर रहा है। इससे टीकमगढ़, सिद्धि , छतरपुर, कटनी, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और भोपाल सहित पूरे राज्य के गाँवों में भी ग्राहक हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकेंगे। एयरटेल ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाने की परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर चला रहा है और कंपनी का लक्ष्य 2024 तक देश के 60,000 गांवों में नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाने का है। कंपनी ने पहले ही पूरे देश में अपने नेटवर्क कवरेज में वृद्धि की है। मध्य प्रदेश कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है और कंपनी ने पूरे राज्य में 5,000 गांवों को कवर करते हुए अपना नेटवर्क विस्तारित किया है। बढती जरूरतों को पूरा करने के लिए एयरटेल ने अपने नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही, ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी अपनी सेवाओं को पहुंचाने के लिए कंपनी ने राज्य में फाइबर नेटवर्क का और विस्तार किया है। नेटवर्क क्षमता को बढ़ाने और ग्रामीण दूर दराज क्षेत्रों में अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के उदेश्य से एयरटेल ने अतिरिक्त क्षमताएं तैनात करके राज्य में अपनी फाइबर उपस्थित भी बढ़ाई है इससे एयरटेल का नेटवर्क इस इलाके में सभी बड़े-छोटे शहरों और गांवों तक पहुंच जाएगा। साथ ही अब हाईवे, पर्यटन स्थलों और व्यापार केंद्रों पर भी एयरटेल की बेहतर नेटवर्क सेवा उपलब्ध होगी।

### ये मेरी फ़ैमिली का तीसरा सीज़न 4 अप्रैल, 2024 से विशेष रूप से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध

**मुंबई, एजेंसी।** अमेज़ॅन मिनीटीवी, अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, प्लेस्टोर और फायर टीवी ने आज अपने पारिवारिक ड्रामा - टीवीएफ के ये मेरी फैमिली के तीसरे सीज़न के लिए एक जबरदस्त ट्रेलर पेश किया। 1995 की बसंत के साथ, तीसरा सीज़न दर्शकों को अवस्थी परिवार के साथ एक सामान्य भारतीय परिवार की कहानी को जीवंत करने का वायदा करता है। 11 वर्षीय शरारती लड़के ऋषि (जिसे अंगद राज ने निभाया है) की आंखों से दुनिया को देखते हुए, इस सीज़न में जूही परमार, राजेश कुमार और हेतल गडा को महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल किया गया है। जैसे अवस्थी परिवार जीवन की मुश्किलों का सामना करता है, ट्रेलर आपको 90 के वसंत के दिनों में ले जाता है। यह पुराने अच्छे दिनों और अटूट मित्रता के लिए पुरानी यादों को ताज़ा करता है।

# सोलर प्रोजेक्ट के लिए कंपनी को मिला 520 करोड़ का बड़ा ऑर्डर, शेयर खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चॉइस इंटरनेशनल के शेयर आज मंगलवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में आज इंट्रा डे में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी थी। यह शेयर 296.55 रुपये पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, चॉइस इंटरनेशनल की सहायक कंपनी को 520 करोड़ रुपये के सोलर प्रोजेक्ट का ऑर्डर मिला है। इसके बाद से शेयरों में बंपर खरीदारी देखी जा रही है।



**क्या है डिटेल :** चॉइस इंटरनेशनल की सहायक कंपनी च्वाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने सोलर91 क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम साझेदारी में जोधपुर विद्युत वितरण निगम के लिए एक सोलर प्लांट के विकास के लिए प्रोजेक्ट जीतने का ऐलान किया है। इसकी वैल्यू 520 करोड़ रुपये है। इस परियोजना में चॉइस और सोलर91 मिलकर मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे। इसमें डिटेल साइट सर्वेक्षण, डिजाइन की निगरानी, सोलर एनर्जी की सप्लाई और स्थापना समेत कई काम शामिल हैं। चॉइस इंटरनेशनल के सीईओ अरुण पोद्दार ने कहा, रिन्यूएबल एनर्जी तेजी से बढ़ता हुआ सेक्टर है और हम जल प्रबंधन, सड़क और राजमार्ग और शहरी विकास क्षेत्रों में अपनी अपार सफलता के बाद अपने पोर्टफोलियो को व्यापक बनाने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहे हैं। बता दें कि पिछले पांच दिन में यह शेयर 12 प्रतिशत और छह महीने में 40 प्रतिशत तक चढ़ गया है। पिछले एक साल में इसमें 105 प्रतिशत तक की तेजी और पिछले पांच साल में 283 प्रतिशत तक की तेजी आई है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 301.90 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 137.48 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 5,752.08 करोड़ रुपये है।

## दादा ने खरीदे थे एसबीआई के 500 के शेयर, 30 साल बाद पोते को मिला बड़ा सरप्राइज, अब मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर अचानक 30 साल पुराना एक ऐसा डॉक्युमेंट मिल जाए जो लाखों रुपये का हो, तो आपका क्या रिएक्शन क्या होगा आपके लिए संभवत यह सबसे बड़ा सरप्राइज होगा। ऐसा ही सरप्राइज छत्तीसगढ़ के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्मय मोतीवाला को मिला है। उन्होंने इस सरप्राइज के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बताया है।

### क्या है सरप्राइज

डॉ. तन्मय मोतीवाला के मुताबिक वह अपने परिवार के फाइनेंस से जुड़े डॉक्युमेंट को व्यवस्थित कर रहे थे तभी उन्हें भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई का एक शेयर सर्टिफिकेट मिला। इस सर्टिफिकेट को देखने के बाद तन्मय मोतीवाला को पता चला कि उनके दादा ने साल 1994 में 500 रुपये के एसबीआई के शेयर



खरीदे थे। दादा ने ये शेयर कभी बेचे नहीं और इसके बारे में बताना भी भूल भी गए। इस 30 साल की अवधि में एसबीआई के शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया और अब तन्मय मोतीवाला के पास पड़े शेयरों का वैल्यू 3.75 लाख रुपये है। डॉ. मोतीवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा- निवेश की बड़ी रकम नहीं थी लेकिन हां 30 सालों में 750 गुना रिटर्न दे चुका है। वास्तव में यह बहुत बड़ी रकम है। इसके साथ ही डॉ. मोतीवाला ने अपने परिवार के स्टॉक सर्टिफिकेट को डीमैट फॉर्मेट में कन्वर्ट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इसमें होने वाली दिक्कतों का जिक्र करते हुए कहा कि बोझिल प्रक्रिया से निपटने में एक एडवाइजर के मदद की जरूरत पड़ी। हालांकि, लंबी प्रक्रिया के बाद यह शेयर अब डीमैट फॉर्मेट में कंवर्ट हो चुके हैं। डॉ. मोतीवाला ने अपने दादा के इन शेयरों को होल्ड बनाए रखने के इरादे के बारे में भी बताया। बता दें कि एसबीआई के शेयर 767.35 रुपये पर हैं। बीते कारोबारी दिन के मुकाबले शेयर की कीमत में 1.21 प्रतिशत उछाल है। बीते 7 मार्च को यह शेयर 793.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। अप्रैल 2023 को शेयर की कीमत 519 रुपये तक लुढ़क गई थी।

## शेयर बाजार के हाई वैल्युएशन पर सेबी चेयरपर्सन ने किया रिएक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शेयर बाजार के वैल्युएशन पर एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बुच ने कहा कि भारत के पूंजी बाजार में हाई वैल्युएशन का कारण विदेशी निवेशकों की देश को लेकर उम्मीद और भरोसा है। बुच ने एक कार्यक्रम में कहा- निश्चित रूप से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा बाजार महंगा है लेकिन फिर भी निवेश क्यों आ रहा है क्योंकि यह उस आशावाद और विश्वास का प्रतिबिंब है जो दुनिया आज भारत में रखती है। बुच ने कहा कि वह मिली जिम्मेदारियों के तहत नियमित रूप से विदेशी निवेशकों से मिलती रहती हैं। उन्होंने देखा है कि कई साल की मजबूत वृद्धि के बाद देश की अर्थव्यवस्था में जो गति आई है, इस कारण उनमें भारत के प्रति रुचि बढ़ी है।

### हाई वैल्युएशन पर जताई थी चिंता




बता दें कि सेबी प्रमुख बुच ने कुछ सप्ताह पहले छोटे और मझोली कंपनियों के शेयर कैटेगरी में हाई वैल्युएशन पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह एक बुलबुले में तब्दील हो सकता है। इसके बाद शेयर बाजार बुरी तरह क्रैश हो गए थे। माधबी पुरी बुच ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक सेबी सार्वजनिक शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिनिधि के रूप में काम करता है। सेबी प्रमुख ने कहा कि एक नियामक के रूप में हमारे लिए विश्वास का सबसे बुनियादी आधार पारदर्शिता है। उन्होंने कहा कि भरोसा दोतरफा होता है। जहां एक कंपनी को बाजार के साथ भरोसा बनाने के लिए नियामक के साथ विश्वास बनाना होता है, वहीं नियामक सार्वजनिक शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में उद्योग के साथ विश्वास बनाने के लिए काम कर रहा है।

### मार्केट कैप अब जीडीपी के स्तर पर

माधबी पुरी बुच ने कहा कि बाजार में रुचि के कारण शेयर कैटेगरी में कुल वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 378 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जबकि एक दशक पहले यह 74 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि मार्केट कैप अब कुल मिलाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के स्तर पर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थाओं ने वित्त वर्ष 2023-24 में इक्विटी और बॉन्ड जारी कर बाजार से कुल 10.5 लाख करोड़ रुपये जुटाये। इसमें बॉन्ड के माध्यम से आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाये गए।

## एचएमएसआई की मार्च में घरेलू बाजार में बिक्री 81% बढ़कर 3,58,151 इकाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,58,151 इकाई रही। कंपनी की मार्च, 2023 में थोक बिक्री 1,97,542 इकाई रही थी।




एचएमएसआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च, 2023 के 14,460 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने निर्यात 95 प्रतिशत बढ़कर 28,304 इकाई हो गया। पिछले महीने कुल बिक्री बढ़कर 3,86,455 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 2,12,002 इकाई थी। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 43,50,967 इकाइयों की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में उसकी बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 48,93,522 इकाई रही।

## भारत ने 2023 में 20.8 गीगावॉट सौर मॉड्यूल, 3.2 गीगावॉट सेल विनिर्माण क्षमता स्थापित कीःरिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2023 में 20.8 गीगावॉट सौर मॉड्यूल और 3.2 गीगावॉट सेल विनिर्माण क्षमता स्थापित की है। अमेरिका स्थित शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल की नई रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2023 तक देश की संचयी सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 64.5 गीगावॉट और सौर सेल विनिर्माण क्षमता 5.8 गीगावॉट तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया, मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 2026 तक 150 गीगावॉट से ज्यादा और सेल क्षमता 75 गीगावॉट से अधिक होने का अनुमान है।

## विद्या बालन बनी स्लीपफ्रेश मैट्रेस की ब्रांड एम्बेसडर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के जाने-माने और आरामदायक गद्दे निर्माता कंपनी स्लीपफ्रेश मैट्रेस ने बॉलीवुड स्टार विद्या बालन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है । यह रणनीतिक सहयोग स्लीपफ्रेश मैट्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो गुणवत्तापूर्ण नींद के महत्व को बढ़ावा देने और देशभर में ब्रांड जागरूकता को बढ़ाने के लिए विद्या बालन की अपार लोकप्रियता और प्रभाव का लाभ उठाएगा।

विद्या बालन किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं । एक अभिनेत्री के रूप में अपनी आकर्षक ऑन-स्क्रीन प्रस्तुति और बहुमुखी प्रतिभा के लिए वह हर आयु वर्ग के बीच लोकप्रिय हैं ।यही नहीं, स्वास्थ्य के प्रति समर्पण के लिए जानी जाने वाली विद्या, पूरी




तरह से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देती हैं और बेहतर और सुकून भरी नींद को उत्तम स्वास्थ्य की आधारशिला मानती हैं । यही कारण है कि स्लीपफ्रेश मैट्रेस ने उनमें एक आदर्श ब्रांड एम्बेसडर देखा। स्लीपफ्रेश मैट्रेस की मूल कंपनी, रौनक कॉयर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, श्री रौनक अग्रवाल ने कहा, हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में विद्या बालन का रौनक परिवार में स्वागत करते हुए बहुत उत्साहित और प्रसन्न हैं । विद्या की उत्कृष्टता के प्रति समर्पण, उनके साथ शालीनता और करिश्मा पूरी तरह से उन मूल्यों का प्रतीक है जिन्हें हम स्लीपफ्रेश में संजोते हैं । हमारा मानना है कि उनके साथ हमारी यह भागीदारी हमारे ब्रांड स्लीपफ्रेश मैट्रेस को घर-घर तक पहुंचाने में मदद करेगी ताकि हमारे देश के लोग भी गुणवत्तापूर्ण और आरामदायक नींद का अनुभव ले सकें। स्लीपफ्रेश मैट्रेस की ब्रांड एम्बेसडर विद्या बालन ने कहा, जिस तरह से मैं फिल्मों की स्क्रिप्ट चुनती हूं, उसी तरह मैं उन ब्रांड्स को लेकर भी सचेत रहती हूं जिनके साथ मैं कॉलेबरेट करती हूं । मेरे लिए चाहे फिल्में हों या ब्रांड एंडोर्समेंट, मैंने हमेशा से प्रोजेक्ट की संख्या से अधिक उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दिया है । मैं स्लीपफ्रेश मैट्रेस से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं, यह एक ऐसा ब्रांड है जो क्वालिटी स्लीप में मेरे विश्वास की धारणा से पूरी तरह से जुड़ा हुआ है । शूटिंग और यात्रा के बाद; अच्छी नींद मेरे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, और मैं वास्तव में मानती हूं कि नींद आपका फरिश्ता है इसलिए मैं लोगों को उनकी नींद की गुणवत्ता में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं । मैं सुनिश्चित करती हूं कि मुझे गहरी और आरामदायक नींद आए ।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और फिनकेयर एसएफबी का विलय 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी, स्मॉल फाइनेंस बैंकों के बीच पूरा हुआ पहला मर्जर एंड एक्विजिशन

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 4 मार्च, 2024 को जारी निर्देशों के अनुसार, भारत के सबसे बड़े एसएफबी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (फिनकेयर एसएफबी) के एयू एसएफबी में विलय (एकीकरण) की घोषणा की है, जो आज से प्रभावी है। यह विलय एयू एसएफबी को मजबूत भौगोलिक उपस्थिति, अलग अलग सेगमेंट के ग्राहकों और व्यापक उत्पाद पेशकश का लाभ उठाकर एक मजबूत अखिल भारतीय रिटेल बैंकिंग फ्रेंचाइजी स्थापित करने में मदद करता है।

ऑल-स्टॉक मर्जर डील में 29 अक्टूबर, 2023 को की गई घोषणा के तहत, फिनकेयर एसएफबी के शेयरधारकों को फिनकेयर एसएफबी में रखे गए हर 2000 इक्विटी शेयरों के लिए एयू एसएफबी में 579 इक्विटी शेयर हासिल होंगे। इस विलय को 4 मार्च, 2024 को आरबीआई से अंतिम मंजूरी मिली थी और यह 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गया है। विलय को पहले 23 जनवरी, 2024 को प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के प्रावधानों के तहत भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा मंजूर किया गया था। यह भारत के विलय और अधिग्रहण (मर्जर एंड एक्विजिशन - एमएंडए) क्षेत्र में किसी विलय को सबसे तेज मिलने वाली मंजूरी में से एक है जिसमें सभी अप्रूवल 4.5 महीने की अवधि में प्राप्त हुए हैं। इसके साथ, एयू एसएफबी 1 करोड़ से अधिक के संयुक्त ग्राहक आधार, 43,500 से अधिक कर्मचारियों और 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2,350+ भौतिक टचप्वॉइंट के नेटवर्क के साथ एक मजबूत यूनिट बन गया है, जिसका डिपॉजिट बेस 89,854 करोड़ रुपये और बैलेंस शीट का आकार 1,16,695 करोड़ रुपये है। (सभी नंबर प्रोफार्मा आधार पर 31 दिसंबर, 2023 तक के हैं)

अब बैंक का फोकस अगले 9-12 महीनों के भीतर एक सहज और निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करने और ग्राहकों को असाधारण बैंकिंग सेवाएं और वैल्यू प्रदान करने पर केंद्रित हो गया है। इस विलय के अनुसार, फिनकेयर एसएफबी के पूर्व एमडी और सीईओ राजीव यादव को एयू एसएफबी के डिप्टी सीईओ के रूप में नामित किया गया है और वह एयू एसएफबी में फिनकेयर यूनिट के भीतर फिनकेयर एसएफबी के सभी प्रमुख परिसंपत्ति व्यवसायों (एसेट बिजनेस) का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। एयू एसएफबी ने हाल ही में अपने परिचालन को पांच बिजनेस ग्रुप में समेकित किया था और फिनकेयर यूनिट इसका छठा बिजनेस ग्रुप बन जाएगा। इसके अलावा, एयू एसएफबी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उत्तम टिबरेवाल को एयू एसएफबी के डिप्टी सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में प्रमोट किया गया है।

विलय के बाद, फिनकेयर के सभी 59 लाख से अधिक ग्राहक एयू एसएफबी की श्रेष्ठ तकनीकी सेवाओं और प्रमुख उत्पादों (एसेट और लयबिलिटी दोनों) का अनुभव और लाभ ले सकेंगे जिसमें शामिल हैं क्रेडिट कार्ड, क्यूआर कोड, वीडियो बैंकिंग और एयू0101। विलय एकीकरण प्रक्रिया के दौरान कम से कम व्यवधान और इसका ग्राहकों पर कम से कम असर होने के लिए मजबूत कस्टमर ओरिएंटेशन वाले और तकनीकी रूप से सक्षम दोनों बैंकों ने ग्राहकों के सभी सवालों का जवाब देने के लिए विशेष टास्क फोर्स और कॉल सेंटर स्थापित किए हैं।

इस परिवर्तनकारी विलय पर टिप्पणी करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर, एमडी एंड सीईओ, संजय अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन फॉरएवर बैंक बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मैं इस अवसर पर ग्राहकों, शेयरधारकों और एयू परिवार में फिनकेयर के कर्मचारियों का स्वागत करता हूं। यह विलय न केवल दो संस्थाओं के एकीकरण का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारत में बैंकिंग में श्रेष्ठता को फिर से परिभाषित करने के लिए हमारी साझा दृष्टि का भी प्रतिनिधित्व करता है।

## यूलू लाया है इंदौर की पहली शेअर्ड इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर सर्विस, 'युवा मोबिलिटी' के साथ !



**इंदौर, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी शेअर्ड इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन कंपनी यूलू ने शहर की युव ।मोबिलिटी के साथ गठजोड़ करतें हुए मध्यप्रदेश के इंदौर में अपनी सेवाएं शुरू की हैं। भारत के सबसे स्वच्छ शहरमें बहुप्रतीक्षित लॉन्च में युवा मोबिलिटी - जिसका नेतृत्व स्थानीय उद्यमी तरुण शर्मा और शिवानी शर्मा करेंगे - इंदौर भर में यूलू के बुनियादी ढांचे और तकनीकी समर्थन के साथ, स्वतंत्र रूप से यूलू के लोकप्रिय इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का संचालन करेगा। यूल ू का इंदौर लॉन्च भारत में शेअर्ड मोबिलिटी को लोकतांत्रिक बनाने के लिए भारत के पहले फ्रेंचाइजी पार्टनर मॉडल को प्रदर्शित करता है। यूलू ने यूलू बिजनेस पार्टनर की अनूठी पहल देश के तेजी से बढ़ते शहरों में प्रॉफिटेबल शेयर्ड मोबिलिटी को वहीं पर स्थित महत्वाकांक्षी उद्यमियों और व्यवसायों के साथ लाने के लिए शुरू की है। इंदौर एक ऐसा मशहूर शहर है जो अपनीं शहरी स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित करने के लिए जाना जाता है।

## हायर इंडिया ने हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ एयर कंडीशनर की अपनी सुपर हेवी-ड्यूटी रेंज लॉन्च की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर एप्लायंस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की है। हेक्सा इन्वर्टर और सुपरसोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65त्न बिजली की बचत करने में सक्षम है।

**हेक्सा इन्वर्टर तकनीक के साथ, यह नई रेंज 65% बिजली की बचत में मदद करती है**

हायर इंडिया ने कस्टमर्स - इंस्पायर्ड इनोवेशन्स को तैयार करने और उन्हें बदलती जरूरतों के अनुकूल बनाने में अपना समर्पण जारी रखा है। नई रेंज मार्केट में एक हाई स्टैंडर्ड सेट करती है क्योंकि हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, केवल 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी और इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसे एडवान्स फीचर्स पर बेस्ड है। समर में क्विक कूलिंग की मांग को पूरा करने और कस्टमर्स की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, नई रेंज इनोवेशन, डिजाइन और ऊर्जा कुशलता को संगठित रूप से एकीकृत करती है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने लॉन्च पर कहा, हायर में, हम नई टेक्नोलॉजीज बेस्ड प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं, जो हमारे कस्टमर्स के जीवन को आसान, सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। भारत एक्सट्रीम वेदर का अनुभव करता है, विशेषकर भीषण गर्मियों में। इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने अत्यधिक तापमान में सुपर कूलिंग सुनिश्चित करने और यहां तक कि आराम, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को अधिकतम करने के लिए हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ इनर्जी सेविंग का ख्याल रखने के लिए सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की नई रेंज डिजाइन की है।

